www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

मौसम
अधिकतम - 39°c
न्यूनतम - 28°c

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

10 जून 2024
हरदा, सोमवार
वर्ष-14, अंक - 6, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
ज्येष्ठ शुक्ल 4
विक्रम संवत् 2081



## नेमावर के श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का होगा जीर्णोद्धार: यादव

**अनोखा तीर, खातेगांव/नेमावर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देवास जिले के नेमावर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए नर्मदा नदी पर पूजा-अर्चना करने के पश्चात घाट पर साफ-सफाई की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 5 से 16 जून गंगा दशहरा तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से नदी, नालों और ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जल संरचनाओं, तालाब, झील, कुंआ,

- **मुख्यमंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नेमावर में नर्मदा घाट पर की साफ-सफाई**





बावड़ी आदि के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए कार्य किया जा रहा है तथा उनकी साफ-सफाई गहरीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि मां नर्मदा नदी में स्नान से कई जन्मों के पापों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी में लोगों द्वारा गदंगी की जाती है, जिससे नर्मदा दूषित हो जाती है। इसे शुद्ध बनाने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना होंगे और नर्मदा नदी को साफ-स्वच्छ एवं निर्मल बनाना है।

इस दौरान विधायक आशीष गोविंद शर्मा, महंत राम स्वरूप शास्त्री महाराज, महंत विठ्ठलदास महाराज, महंत भगवत दास महाराज, नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सारिका नरेंद्र चौधरी, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम खातेगांव सुश्री प्रिया चंद्रावत, एसडीएम कन्नौद प्रवीण कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व बड़ी संख्या क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवास जिले में लगभग 5 करोड़ 65 लाख रुपए की राशि से लगभग 3078 जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य किए जा रहे हैं। जिनमें नगरीय क्षेत्र में लगभग 1 करोड़ 78 लाख की राशि से 650 संचनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए साथ ही लगभग 1 करोड़ 68 रुपए की राशि से लगभग 2400 से अधिक जल संरचनाओं का गहरीकरण व साफ-सफाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में 196 पुराने तालाब, 105 स्टॉप डेम 172 कुएं-बावड़ियां व अन्य जल स्त्रोतों पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देवास जिले में रूफ हॉर्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से लगभग 250 स्थानों पर बारिश के पानी के संग्रहण के लिए कार्य किया जा रहे हैं। नर्मदा नदी के साथ ही क्षिप्रा, कालीसिंध सहित अन्य नदियों को शुद्ध बनाने का कार्य इस अभियान के माध्यम से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नेमावर का यह नर्मदा नदी का घाट बहुत पवित्र है। हमारी सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां पर सभी तीज त्योहार मनाने का महत्व हैं। जो कि हम ऋतुओं के हिसाब से मनाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेमावर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

विधायक आशीष शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मांग की कि ग्राम तुरनाल में हंडिया बैराज डेम बनने से पांच लड्डू (जहां भगवान परशुराम) ने अपने माता-पिता के पिंडदान किया था जो कि डूब क्षेत्र अंतर्गत आता है, उसे संरक्षित किया जाए। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पांच लड्डू स्थान को विकसित कर अद्भूत बनाया जाएगा। उद्योग भी लगाए जाएंगे। प्रदेश में गौशालाओं को विकसित करने के लिए भी राशि दी जाएगी। सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा।

फिर तीसरी बार



## मोदी ने ली 'तीसरी शपथ'

### मोदी-मोदी के नारों के बीच फिर बने प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)। नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। वे नेहरू के बाद ऐसा करने वाले दूसरे पीएम बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।प्रधानमंत्री मोदी के साथ 72 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें से 30 कैबिनेट मंत्री, पांच स्वतंत्र प्रभार और 36 राज्य मंत्री शामिल हैं।**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। वे नेहरू के बाद ऐसा करने वाले दूसरे पीएम बन गए हैं। मोदी ने ईश्वर के नाम की शपथ ली। इसके बाद राजनाथ, शाह, गडकरी, नड्डा और शिवराज सिंह चौहान ने शपथ ली। पीएम मोदी नेहरू के बाद ऐसा करने वाले दूसरे पीएम बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मोदी 2014 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 17वीं लोकसभा के चुनाव में भारी बहुमत से जीत के बाद वह लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। नेहरू 1947 से स्वतंत्रता के बाद से सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी मृत्यु 27 मई 1964 को हुई थी और वह उस समय भी देश के प्रधानमंत्री थे। साल 1952 में हुए पहले आम चुनाव में जीत के बाद वह पहली बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1957 और 1962 के आम चुनावों में भी कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नेहरू फिर देश के प्रधानमंत्री बने। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाई है। उसे 240 सीटें मिली हैं। हालांकि, भाजपा नीत राजग ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया।





### मोदी-मोदी के नारों से गूंजा समारोह स्थल, झुककर किया नमस्ते

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी सफेद कुर्ता पायजामा और नीले रंग की जैकेट पहनकर राष्ट्रपति भवन पहुंचे। समारोह में पहुंचकर उन्होंने झुककर सभी सांसदों और मेहमानों को नमस्ते किया। प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेने के लिए जैसे ही नरेंद्र मोदी उठे, मोदी-मोदी के नारों से पूरा समारोह स्थल गूंज उठा। शपथ लेने के बाद पीएम मोदी ने हस्ताक्षर किए और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को धन्यवाद दिया। इसके बाद पीएम मोदी अपनी सीट पर जाकर बैठ गए। उनके साथ-साथ एनडीए सरकार की नई कैबिनेट में शामिल होने वाले मंत्रियों को भी शपथ दिलाई गई। कैबिनेट में शामिल होने वाले नए मंत्रियों में मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और पंजाब से आने वाले रवनीत सिंह बिट्टू का नाम शामिल है। रवनीत सिंह बिट्टू को लोकसभा चुनाव में हारने के बावजूद मंत्री बनाया गया है।

## नए विमान की खरीदी की तैयारी में म.प्र. सरकार

### 4 साल से ग्वालियर में खड़े डैमेज एयर क्राफ्ट के लिए 14 जून को ओपन होगी ईओआई

**भोपाल (नप्र)।** मध्यप्रदेश सरकार नए विमान खरीदी की तैयारी में जुटी है। जिसे लेकर मुख्य सचिव वीरा राणा के साथ मीटिंग हो चुकी है। 2 कंपनियों की ओर से इसमें रुचि दिखाई गई है, जिस पर डॉ. मोहन यादव कैबिनेट अंतिम फैसला करेगी। साथ ही, 4 साल पहले दुर्घटनाग्रस्त राज्य सरकार के एयर क्राफ्ट को बेचने के लिए आफसेट प्राइज भी सरकार इसी माह तय करेगी। इसके लिए विमानन विभाग ने 13 जून तक विमानन कंपनियों से ईओआई के प्रस्ताव मांगे हैं। प्रस्ताव 14 जून को ओपन होंगे, और इसके बाद एयरक्राफ्ट बेचने की कम से कम कीमत तय हो जाएगी।




## रतलाम में बारिश, छिंदवाड़ा में ऑरेंज अलर्ट

### भोपाल, इंदौर-जबलपुर समेत 38 जिलों में आंधी-बारिश, दतिया, निवाड़ी-टीकमगढ़ में गर्मी

**भोपाल (नप्र)।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से मध्यप्रदेश में आंधी और बारिश का दौर शुरू हो गया है। रविवार की शाम पांच बजे के बाद रतलाम में बारिश हुई। मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत प्रदेश के 38 जिलों में आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया है। बता दें कि रविवार को छिंदवाड़ा में ऑरेंज अलर्ट है। उधर, टीकमगढ़, दतिया और निवाड़ी में गर्मी का असर बना रहा।

आईएमडी, भोपाल के वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से शनिवार को पूर्वी हिस्से में बादल छाए रहे। कई जिलों में बारिश भी हुई। रविवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। इसके लिए ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। कुछ



जिलों में गर्मी का असर भी रहेगा।

**धार सबसे ठंडा, एक दिन में पारा 10.1 डिग्री लुढ़का-** प्रदेश में शनिवार को मौसम बदला रहा। भोपाल, धार, बड़वानी, छिंदवाड़ा, मलाजखंड समेत कई शहरों में बारिश हुई। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट भी हुई है। धार में तो पारा 10.1 डिग्री लुढ़ककर 31 डिग्री पर आ गया। वहीं, रात में पारा 21.1 डिग्री रहा था। भोपाल में 6 डिग्री, गुना में 7.3 डिग्री, इंदौर में 7.7 डिग्री, रतलाम में 5.3 डिग्री, उज्जैन में 9.8 डिग्री, दमोह में 4 डिग्री, सागर में 3.8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। बाकी शहरों में भी 1 से 4 डिग्री तक पारा लुढ़क गया।

इधर, रात के तापमान में भी गिरावट हुई। कुछ शहर ऐसे भी रहे, जहां पर दिन का तापमान बढ़ा हुआ रहा। इनमें बिजावर में पारा सबसे ज्यादा 44 डिग्री रहा। टॉप-10 सबसे गर्म शहरों में खजुराहो, रीवा, सिंगरौली, सीधी, टीकमगढ़, पृथ्वीपुर, नौगांव, ग्वालियर और सतना भी शामिल रहे। खजुराहो-रीवा में 43.6 डिग्री, सिंगरौली में 43.5 डिग्री, सीधी में 43.2 डिग्री, टीकमगढ़ में 43 डिग्री, पृथ्वीपुर में 42.7 डिग्री, नौगांव में 42.6 डिग्री, ग्वालियर में 42.5 डिग्री और सतना में पारा 42.4 डिग्री दर्ज किया गया।

## न्यूज ट्रेक

# मानसून की आहट, किसान कर रहे मक्के की बोनी



**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम सहित आसपास के पूरे क्षेत्र में किसानो की गर्मी की मूंग फसल कट गई है। वहीं खरीफ की बोनी के लिए किसानों ने अपने खेतों को तैयार कर लिया है और अब किसान मानसून की आहट से पहले मक्के की बोनी करने में लगे हुए हैं। मक्के की फसल को समय अधिक लगता है, जिसके चलते किसान समय से बोनी करने में लग गए हैं। किसान विशाल भाटी, कमल सोलंकी ने बताया कि मौसम अनुसार दो-चार दिन में बारिश होने वाली है। जिसके चलते खरीफ की मक्का फसल बोनी सुखे में कर रहे हैं। यदि एक दो रोज में बारिश नहीं हुई तो किसानों को ट्यूबवेल से पानी देना पड़ सकता है।

# जल संरक्षण को लेकर निकाली कलश यात्रा




**अनोखा तीर, सोडलपुर।** करीबी ग्राम पंचायत छिदगांव तमोली में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। जहां लोगों को जल संरक्षण करने के लिए जागरुक किया गया। सचिव गणेश बांके ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर गांव में कलश यात्रा निकाली गई। भविष्य के लिए सभी को जल संवर्धन करने की आवश्यकता है। लोगों को जल संवर्धन करना चाहिए। सरपंच उत्तमसिंह राजपूत ने बताया की ग्राम पंचायत छिदगांव तमोली के अंतर्गत आने वाले सभी पुराने और जीर्णशीर्ण जल स्त्रोत को साफ सफाई करवा कर पुनः निर्मित किया जाएगा। जिससे उनका जल उपयोग में लाया जा सके। अनिल मल्हारे ने गांव के लोगो से पानी का संवर्धन कर पानी बचाने की अपील की हैं। कलश यात्रा में युवा सरपंच उत्तम सिंह राजपूत, सचिव गणेश बाँके, कराटे कोच अनिल मल्हारे, नारायण राजपूत, मोनिका मालवीय, रक्षा ढोके, कमला मालवीय, वैष्णवी ढोके, रागनी ढोके सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आमसागर में निकाली कलश यात्रा




**अनोखा तीर, रहटगांव।** ग्राम पंचायत आमसागर के ग्राम धनपाड़ा में ग्राम सभा की बैठक शासकीय प्राथमिक शाला भवन में रखी गई। इस दौरान कलश यात्रा निकाल कर सार्वजनिक कूप की खुदाई का कार्य चालू किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच रामकूबाई, जयसिंह सिलारे, पूर्व सरपंच रामनाथ उइके, जयसिंह जोखीलाल, राम जी, अशोक, गणेश उईके, गोविंद, आरती, रामबाई, गेंदालाल कोटवार, सचिव कैलाश बिलारे, सहायक सचिव दीपक धोसिया आदि उपस्थित रहे।

# तेज हवा-आंधी के साथ हुई बारिश



**अनोखा तीर, रहटगांव।** रहटगांव क्षेत्र में रविवार शाम तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हो गई। अचानक बारिश होने से हाट बाजार के व्यापारियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के चलते व्यापारी हाट बाजार में दुकान लगाने के बजाय अपना अपना सामान समटने नजर आए। एकाएक पारी गिरने से कुछ लोगों का सामान भी भींग गया। वहीं मौसम में ठंडक घुल गई।

# सेवानिवृत शिक्षकों का किया सम्मान



**अनोखा तीर, टिमरनी।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन जिला शाखा हरदा द्वारा 8 जून 2024 को तहसील टिमरनी में प्रदेश मीडिया प्रभारी आरबी सगर, संभागीय अध्यक्ष जीआर गौर, जिला अध्यक्ष पीसी पोर्ते के द्वारा सेवानिवृत शिक्षक ओमप्रकाश कुर्मी, आलोक शर्मा, भगीरथप्रसाद वर्मा का फूल माला, श्रीफल देकर स्वागत किया। इन सभी ने संगठन के कार्य की प्रगति देखकर आजीवन सदस्यता ग्रहण की और संगठन में जुड़कर संगठन बल को सहयोग प्रदान किया।

# हर्षोल्लास से मनाई महाराणा प्रताप की जयंती





**अनोखा तीर, खिरकिया।** स्थानीय राजपूत समाज भवन में राजपूत समाज के द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती भव्य रूप से मनाई गई। सामाजिकजनों ने भवन परिसर में स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनो ने महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही। इसके पश्चात सामाजिक परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जिसके बाद छीपाबड़ महाराणा प्रताप चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान राजपूत परिषद, करणी सेना परिवार, महाराणा सेना संगठन के साथ बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए।

# शाम को छाये बादल, हवा चलने से तापमान में गिरावट

**अनोखा तीर, मसनगांव।** मानसून के आगमन से पूर्व प्री-मानसून गतिविधियां बनने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। रविवार के दिन दोपहर को तेज धूप रही, शाम के समय बादल छाने और हवा चलने से तापमान में गिरावट रही। मानसूनी गतिविधियां शुरू होने के साथ ही खरीफ सीजन की बुवाई की तैयारी भी शुरू हो चुकी है। किसानों के द्वारा खेतों में बखर कर रोटावेटर किया जा रहा है। बारिश होने के बाद किसान वर्ग खेतों में खरीफ सीजन के मुख्य फसल सोयाबीन तथा मक्का के बुवाई करेंगे, प्रदेश में मानसून के आगमन की तारीख 15 जून के आसपास मानी जाती है। 10 जून से ही किसान फसल बुवाई की तैयारी करने लगते हैं, ग्राम के रामनिवास पटेल ने बताया कि मूंग की फसल की कटाई पूरी हो चुकी है, खेतों को बखरकर तैयार कर लिया गया है। दूसरी बारिश के बाद खेतो में बुआई शुरु हो जाएगी, वैसे बोनी का शुभ मुहूर्त गंगा दशहरा को माना जाता है। इस दिन किसान खेतों में जाकर



सोयाबीन के कुछ दाने बोकर बुवाई की शुरुआत कर देते हैं। इसके बाद बारिश होने के पश्चात बुआई पूरी होती है। इस वर्ष भी मानसूनी गतिविधियों को देखते हुए किसान जल्द मानसून आने की उम्मीद कर रहे हैं। यदि 15 जून के आसपास मानसून सक्रिय रहता है तो समय पर खरीफ फसल की बुवाई हो सकेगी।

# अमराबति बाई की स्मृति में दिए 2 लाख



**अनोखा तीर, मसनगांव।** समाजसेवी प्रेमनारायण पटेल की माता जी अमरावती बाई के निधन पर परिवार के द्वारा ग्राम में मांगलिक भवन निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की राशि स्मृति स्वरूप दी है। परिवार के द्वारा राधाकृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर एवं देवनारायण मंदिर हंडिया में भी राशि प्रदान की गई। ग्राम में मांगलिक भवन न होने से ग्रामीणों को कार्यक्रम करने में परेशानी आती है, जिसे देखते हुए ग्रामीणों द्वारा जगह की व्यवस्था कर मांगलिक भवन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व में भी बांके परिवार के द्वारा दो लाख की राशि मंगलिक भवन निर्माण हेतु प्रदान की गई।

# जल संरक्षण का दिया संदेश

**● छोटी-छोटी बालिकाओं ने निकाली कलश यात्रा**



**अनोखा तीर, हरदा।** आज हरदा नगर में नगर पालिका परिषद की ओर से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलश यात्रा निकाली गई। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती कमेड़िया ने बताया कि आज छोटी-छोटी कन्याओं द्वारा नार्मदीय धर्मशाल से शंकर मंदिर, पेड़ीघाट तक कलश यात्रा निकाली गई। अभियान अंतर्गत अजनाल नदी के घाट की साफ-सफाई की जा रही है। जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण के लिए दृढ़ संकल्पित मध्यप्रदेश सरकार नदी, कुएं, तालाब, बावड़ियों एवं अन्य जलस्रोतों के संरक्षण व साफ-सफाई हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जुटी हुई है तथा जनमानस को भी इसके लिए जागरूक कर रही है। श्रीमती कमेड़िया ने उपस्थितजनों से जल बचाने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका आधिकारी कमलेश पटीदार, सांसद प्रतिनिधि राजू कमेड़िया, पार्षद लोकेशराव मराठा, मनोज महलवार, उमेश चोलकर, बबलू बादर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डंपर ने बोलेरो और कार को मारी टक्कर

**अनोखा तीर, मसनगांव।** नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे पर ग्राम की स्कूल के पास धनवाड़ा से गिट्टी लेकर आ रहे डंपर ने बोलेरो और कार को टक्कर मार दी। जिससे स्टेट हाईवे पर एक घंटा ट्रेफिक जाम रहा। गनीमत रही कि अंदर बैठी सवारियों को चोट नहीं लगी। बोलेरो हरदा से आशापुर की ओर जा रही थी, वहीं कार होशंगाबाद से खंडवा जा रही थी। तभी डंपर चालक ने लापरवाहीपूर्वक दोनों ही गाड़ियों को टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रैफिक जाम होने से वाहनों को रेंगते हुए निकलना पड़ा। कई वाहन गांव के अंदर से होते हुए स्टेट हाईवे पर पहुंचे, वहीं कई वाहन आजु बाजू से निकले। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डंपर चालक नशे में वाहन चला रहा था। जिसने वाहनों को टक्कर मारकर दूर तक घसीटते हुए ले गया। दोनों ही वाहन सामने से क्षति ग्रस्त हो गए।



# आबकारी एक्ट में पांच लोगों पर कार्यवाही, 9 हजार की अवैध शराब जब्त

**अनोखा तीर, खंडवा।** जिले में अवैध शराब बेचने वालों पर पुलिस कार्यवाही करते हुए पांच लोगों को पकड़ा है। इन पर आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर 9 हजार 400 रुपए की अवैध शराब जब्त की है। थाना पदमनगर में यशराज पिता कमलसिंह बेस पडावा खंडवा के कब्जे से अवैध शराब प्लेन के 20 क्वाटर कीमती 1600 रुपए की जप्त की गई। थाना किल्लौद में जितेन्द्र पिता प्रेमनारायम किल्लौद के कब्जे अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब 20 लीटर कीमती 3000 रुपए की जप्त की गई एवं राकेश पिता कमल पिपलानी के कब्जे से देशी प्लेन मंदीरा शराब के 20 क्वाटर कीमती 1600 रुपए की जप्त की गई। थाना कोतवाली में आनंद पिता रायचंद वर्मा कंजर मोहल्ले के पास, गंज बाजार घासपुरा खंडवा के कब्जे से एक सफेद रंग की खाद की थैली में देशी मदिरा प्लेन शराब के 19 क्वार्टर, मात्रा 3.420 वल्क लीटर कीमती 1520 रुपए की जप्त की गई एवं राहुल पिता आनंद वर्मा कंजर मोहल्ले के पास, गंज बाजार घासपुरा खंडवा के कब्जे से एक सफेद रंग की खाद की थैली में देशी मदिरा प्लेन शराब के 21 क्वार्टर, मात्रा 3.780 वल्क लीटर कीमती 1680 रुपए की जप्त की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।


## कार्यालय मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ईमेल :- cepwdcapital@mp.nic.in दूरभाष/फेक्स क्रमांक 0755-2551403

### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रं. 09/सा/01/विविध/2019 (वर्ष 2024) भोपाल, दिनांक 05.06.2024

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_PWDRB _334959_1 | नर्मदापुरम | प्लान | रतवाड़ा से सेल मार्ग ल. 3.00 कि.मी. बिल्थी से पीपलथोन मार्ग लं. 0.50 कि.मी. बिल्थी से मोहनपुर मार्ग ल. 2.70 कि.मी. ग्राम नाहरकोला खुर्द से शिवपुर हरदा मार्ग ल. 2.00 कि.मी. बैखेड़ी से रा.रा. 15 मार्ग ल. 2.00 कि.मी. ठुआ से मेउगांव ल. 4.50 कि.मी. धरमकुण्डी से हथनापुर मार्ग से आवलीघाट ग्राम हथनापुर जनपद पंचायत सिवनीमालवा में कल्वर्ट कार्य ल. 1.20 कि.मी. कुल लंबाई 15.90 कि.मी. का निर्माण | द्वितीय | 1774.35 | ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल आनलाईन प्रस्तुत किये जाना है। |
| 2 | 2024_PWDRB _334960_1 | हरदा | प्लान | हरदा खण्डवा रिंग रोड मार्ग ल. 7.50 कि.मी. | प्रथम | 1577.92 | ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल आनलाईन प्रस्तुत किये जाना है। |
| | | | | योगः- | | 3352.27 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 22.06.2024 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी-11411/24

मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, भोपाल परिक्षेत्र, भोपाल

● अफवाहों पर ना दे ध्यान, टीका लगवाकर बचाएं जान।



## कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रं. 01/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र)/ वर्ष 2024-25 भोपाल, दिनांक 07/06/2024

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2024_PWDRB _349329_1 | नीमच | पुल कार्य | नीमच जिले के रेल्वे समपार क्रमांक-120 (रतलाम चन्देरिया के रेल सेक्शन के कि.मी. 241/15-16) नीमच-छोटी सादडी मार्ग पर इलेक्ट्रिक पोल शिफ्टिंग कार्य सहित रेल्वे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य। | पंचमः | 3453.15 | केवल ऑन-लाईन |
| 2 | 2024_PWDRB _349330_1 | रतलाम | पुल कार्य | रतलाम जिले के रतलाम मोरवनी मार्ग रतलाम गोधरा रेल खण्ड के कि.मी. 648/2-4 में रेल्वे समपार क्रमांक-79 पर इलेक्ट्रिक पोल शिफ्टिंग कार्य सहित रेल्वे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य। | द्वितीय | 2166.48 | केवल ऑन-लाईन |
| 3 | 2024_PWDRB _349331_1 | खण्डवा | पुल कार्य | खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में शमशान घाट से बर्फानी आश्रम से ज्योर्तिलिंग मंदिर मार्ग पर तीन माइनर ब्रिज पहुंच मार्ग सहित निर्माण कार्य। | द्वितीय | 1486.35 | केवल ऑन-लाईन |
| 4 | 2024_PWDRB _349332_1 | दमोह | पुल कार्य | दमोह जिले के नरयावली-मंगोला मार्ग में ग्राम सीतानगर के पास सुनार नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य एवं एच.पी. कलवट सहित कार्य। | षष्टः | 1358.06 | केवल ऑन-लाईन |
| 5 | 2024_PWDRB _349333_1 | हरदा | पुल कार्य | हरदा जिले के अंतर्गत बिचोला से खरदाना मार्ग में अजनाल नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | चतुर्थ | 1267.52 | केवल ऑन-लाईन |
| 6 | 2024_PWDRB _349334_1 | सागर | पुल कार्य | सागर जिले के बडगान-पर्राका मार्ग के कि.मी. 2/2 में देहार नदी (सत्तीघाट) पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य सहित। | पंचम | 913.61 | केवल ऑन-लाईन |
| 7 | 2024_PWDRB _349335_1 | पन्ना | पुल कार्य | पन्ना जिले के उमरहट मेंहा मार्ग में केन नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य एवं एच.पी. कलवर्ट सहित कार्य। | सप्तमः | 842.48 | केवल ऑन-लाईन |
| 8 | 2024_PWDRB _349337_1 | सतना | पुल कार्य | सतना जिले में ग्राम खोहर से लौलाछ मार्ग में सेमरावल नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | षष्टः | 824.70 | केवल ऑन-लाईन |
| 9 | 2024_PWDRB _349338_1 | दमोह | पुल कार्य | दमोह जिले के जरौंध सिमरी मार्ग के व्यारमा नदी पर जलमग्नीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य एवं एच.पी. कलवर्ट सहित कार्य। | पंचमः | 687.27 | केवल ऑन-लाईन |
| | | | | कुल योगः- | | 12999.62 | |


उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 28/06/2024 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र
भोपाल

जी-11417/24

● अफवाहों पर ना दे ध्यान, टीका लगवाकर बचाएं जान।


**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**



## नपाध्यक्ष ने किया पौधरोपण

**अनोखा तीर, हरदा।** आज नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती राजू कमेड़िया ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी पार्क में पौधरोपण किया। उन्होंने सभी नगरवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाएं। पेड़-पौधों से ही हमें प्राणवायु ऑक्सीजन मिलती है। वहीं धरती समृद्ध और हम सबका जीवन खुशहाल और आनंददायी होगा। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका आधिकारी कमेलश पटीदार, पार्षद लोकेशराव मराठा, सचिन सिंघाई, दीपक चौबे उपस्थित रहे।



### न्यूज ट्रेक

## गौशाला में लगा खाटू श्याम जी का दरबार हुआ संगीतमय सुंदरकांड का पाठ



**अनोखा तीर, सोहागपुर।** जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गोंडीखेड़ी माल की नंदिनी गौशाला में शनिवार रात भगवान खाटू श्याम जी का दरबार सजाया गया। जिसमें मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान खाटू श्याम जी की पूजन कर दरबार सजाया गया। इसके उपरांत समिति के सदस्यों द्वारा भजन कलाकारों को तिलक एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कलाकारों के सम्मान के बाद उपस्थित सभी लोगों ने संगीत में सुंदरकांड का पाठ कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात आए कलाकारों द्वारा भगवान खाटू श्याम जी के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसे सुनकर उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा।

## बैतूल नपा का जल गंगा संवर्धन अभियान

- चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने लिया भाग



**अनोखा तीर, बैतूल।** नगरपालिका बैतूल के एनयूएलएम शाखा प्रभारी सिटी मिशन मैनेजर हंसराज मसतकर ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मुख्य नगरपालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदोरिया के निर्देश पर 9 जून को बैतूल नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत कोठी बाजार स्थित सुभाष हायर सेकेंडरी स्कूल में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने भाग लिया। 9 जून रविवार को सुभाष स्कूल में आयोजित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर निबंध के माध्यम से अपने-अपने विचारों को शब्दों में पिरोकर व्यक्त किया। वहीं चित्रकला के जरिए जल संवर्धन और संरक्षण कैसे करें और उसके महत्व को दर्शाते हुए बेहतरीन चित्रण किए गए। शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नपा के एनयूएलएम शाखा द्वारा आयोजित इस चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के दौरान बैतूल नगर पालिका के एनयूएलएम शाखा के सीओ प्रफुल्ल सिंह एवं सागर बारस्कर तथा स्कूल स्टाफ की ओर से विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती बीना दीक्षित के साथ शिक्षकगण विनय सिंह राठौर, सुभाष सिंह देवडे, चंचल पांसे आदि मौजूद थे। गौरतलब है कि मप्र शासन द्वारा 6 जून से आगामी 16 जून गंगा दशहरा दिवस तक के लिए प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में जोर-शोर से इस अभियान के तहत जल संवर्धन और संरक्षण को लेकर आमजनों को जोड़कर नदी-नाले, तालाब, कुआं, बावली की सफाई भी की जा रही है। इसके साथ ही पौधारोपण भी किया जा रहा है। खबर के अनुसार इस अभियान के तहत शनिवार को बैतूल के काशी तालाब में सफाई की गई, जिसमें नपा अध्यक्ष पार्वती बारस्कर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदोरिया और नपा के पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में आमजनों ने सहभागिता की हैं।

## ट्रेन से टकराने से युवक की मौत

**अनोखा तीर, हरदा।** शहर के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर शनिवार रात को ट्रेन से टकराने से एक युवक की मौत हो गई है। रविवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक के शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया है। जीआरपी ने मर्ग कायम कर लिया है। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे के आसपास 05325 समर स्पेशल एक्सप्रेस के हरदा स्टेशन से गुजरने के दौरान गति धीमी होने के चलते शहर के वार्ड नंबर 2 निवासी विवेक पिता राकेश माली उम्र 23 साल ट्रेन के सामने आ गया। इस दौरान ट्रेन के ड्राइवर ने ब्रेक भी लगाया। लेकिन ट्रेन से टकराने की वजह से उसे सिर में गम्भीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। वहीं मृतक विवेक के पिता राकेश माली ने बताया कि उनके दो बेटे और एक बेटी है। मृतक विवेक किसी आन लाइन कम्पनी में डिलेवरी बॉय का काम करता था और तीनों भाई बहनों में बड़ा था। उन्होंने बताया कि उनका परिवार के लोगों से बीते कुछ दिनों से जमीनी विवाद चल रहा है। चार दिनों पहले उनके परिवार के किसी संतोष माली नामक व्यक्ति ने उन्हें देख लेने की धमकी दी थी। उन्हें आशंका है कि इन लोगों ने उनके बेटे की हत्या कर शव को ट्रैक के पास पटक दिया। मृतक विवेक के पिता राकेश माली ने बताया कि उनका बेटा सुबह से काम पर निकल गया था दोपहर में तीन बजे भोजन करने घर आया था। उसके बाद तैयार होकर घर से निकला था। उन्होंने बेटे को करीब साढ़े दस बजे फोन लगाया था। लेकिन उसने रिसीव नहीं किया। उसके बाद रात बारह बजे के आसपास वार्ड पार्षद ने उन्हें रेलवे स्टेशन आने को कहा। जब वो वहां पहुंचे तो अपने बेटे की लाश मिली। हादसे के बाद पूरा परिवार सदमें आ गया है। पुलिस का कहना है कि प्रथमदृष्टया युवक के सुसाइड करने की बात सामने आई है। जांच के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान...



- जल स्रोतों की साफ-सफाई व गहरीकरण किया
- चित्रकला प्रतियोगिता और कलश यात्राएं भी निकाली

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा जिले में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत जल स्त्रोतों की साफ सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य लगातार जारी है। कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में ग्रामीण व शहरीय क्षेत्र में जल स्त्रोतों की रिपेयरिंग, सौंदर्यीकरण और गहरीकरण के लिए ग्रामीणजन श्रमदान कर रहे हैं। रविवार को नगर परिषद सिराली द्वारा वार्ड 15 विक्रमपुर में स्थित कुएं का गहरीकरण कार्य प्रारंभ किया गया। विक्रमपुर के बुजुर्गों ने बताया कि ये कुआ लगभग 100 वर्षों से अधिक पुराना है। कुआ गहरीकरण से आसपास के ट्यूबवेल रिचार्ज हो जाएंगे एवं कुएं से नागरिकों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा। इसके पूर्व शनिवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद सिराली द्वारा वार्ड 14 में श्री हनुमान मंदिर वार्ड से कलश यात्रा प्रारंभ की गई। यह कलश यात्रा रामपुरा के सार्वजनिक कुएं पर जल की पूजा कर संपन्न हुई। हरदा जनपद के ग्राम मांगरूल में रविवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक, हरदा की नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मेदा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मांगरुल के कार्यकर्ताओं ने मांगरुल के स्कूल परिसर में स्थित प्राचीन बावड़ी की साफ सफाई की। इसके अलावा टिमरनी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बांसपानी में नाला गहरीकरण एवं बोल्डर चेक डेम निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत कालकुण्ड व ग्राम डगांवा भट्ट में घाट सफाई कार्य किया गया। जनपद पंचायत हरदा के ग्राम डगावाशंकर में चैनल गहरीकरण का कार्य प्रारम्भ किया गया। ग्राम पंचायत नौसर व झाड़बीड़ा में पशुओं के लिए पानी की होद



बनाई गई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खमलाय में तालाब गहरीकरण कार्य प्रारम्भ किया गया। ग्राम पंचायत मांदला में नाली सफाई कार्य किया गया। ग्राम नांदवा में पानी की होद की सफाई कर पशुओं के लिए साफ पानी भरवाया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम गुल्लास व कुहीग्वाड़ी में कलश यात्रा आयोजित की गई। ग्राम पंचायत खिड़कीवाला में नाला सफाई कार्य व आरसीसी नाली निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। इसी प्रकार ग्राम सामरधा में नाली सफाई, नाली निर्माण व सार्वजनिक कूप सुधार कार्य किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत छिदगांव तमोली में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता व कलश यात्रा आयोजित की गई।

## तकनीशियन जांच के बाद कायाकल्प सड़क का कार्य प्रारंभ



**अनोखा तीर, पिपरिया।** कायाकल्प सड़क निर्माण की जांच के लिए आज भोपाल से तकनीशियनों की टीम आई। कायाकल्प योजना के तहत होने वाली सड़क निर्माण में एसक्यूएम के द्वारा सड़क का निरीक्षण करना अनिवार्य होता है। निर्माणाधीन कायाकल्प सड़क पर जगह-जगह कोर कटिंग की गई। नगरपालिका परिक्षेत्र की कायाकल्प के माध्यम से बन रही यह पहली सड़के हैं, जिस पर एसक्यूएम की उपस्थिति में कोर कटिंग के माध्यम से सड़क की उच्च गुणवत्ता की जांच की जाती है। टेक्नीशियन अपनी उपस्थिति में काटे गए कोर भोपाल में बारकोड के माध्यम से टेस्ट के लिए लेबोरेटरी में भेजते हैं। जिसकी जानकारी किसी को नहीं रहती है कि किस लैब में टेस्ट होंगे। एक लैब कांट्रेक्टर की स्वयं की भी अनिवार्य होती है, जिसमे फर्म के इंजीनियर स्वयं अपने कार्य की गुणवत्ता की जांच करते है एवं अच्छे मेकनिजम के साथ कार्य संपन्न करते है। फार्म के मैनेजर प्रशांत साहू ने बताया कि चुनाव आचार संहिता के चलते सड़क की गुणवत्ता की जांच करने के लिए भोपाल से एसक्यूएम तकनीशियन की टीम नहीं आ पा रही थी। यद्यपि हमारी लैब की सभी रिपोर्ट पॉजिटिव थी उच्च गुणवत्तापूर्ण थी। फिर भी जांच होना अनिवार्य था इसलिए 250 मीटर का कार्य करके कार्य रोक दिया गया था। आज एसक्यूएम एवं तकनीशियन टीम का दौरा हो चुका है। अतः कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शीघ्र ही कार्य संपन्न कर लिया जाएगा एवं नगर पालिका परिषद पिपरिया की यह सौगात नागरिकों को भेंट होगी। सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है ताकि बरसाती पानी सीधा नालियों के माध्यम से बह सके एवं रोड स्वच्छ रहे।

## हाईकोर्ट के आदेश को नहीं मानते स्कूल प्रिंसिपल

### मामला शाहपुर खेल मैदान में स्कूल भवन निर्माण पर रोक लगने का



**अनोखा तीर, बैतूल।** शाहपुर में सीएम राइज स्कूल में पदस्थ प्रिंसिपल के सामने हाईकोर्ट के आदेश का कोई महत्व नहीं है। हाईकोर्ट ने सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण पर स्टे लगा दिया है फिर भी स्कूल प्रिंसिपल भवन निर्माण की प्रक्रिया बंद नहीं कर रहा है। इससे साफ तौर पर कोर्ट आफ कंटेंप्ट को न्यौता दे रहा है। हालांकि इस मामले में उक्त भूमि के भूमि दानदाता और खेल प्रेमियों सहित शाहपुर की संभ्रात नागरिक खुलकर विरोध में सामने आ चुके हैं, जिससे मामला गरमा गया है।

उच्च न्यायालय जबलपुर ने शाहपुर के हाईस्कूल मैदान पर सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण पर स्थागन आदेश दिया है। उक्त मैदान की भूमि दानदाता चौधरी परिवार के सदस्य दीपक चौधरी ने अधिवक्ता डीके दीक्षित, अंशुल दीक्षित द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर में अपनी याचिका दायर की थी। जिस पर न्यायालय ने 24 जून 2024 तक स्थांगण आदेश दिया है। कोर्ट ने स्कूल निर्माण कार्य को यथास्थिति बनाए रखने की अंतरिम आदेश भी दिया है। अपने आदेश में साफ किया कि आगामी सुनवाई तक उक्त जमीन पर किसी भी तरह का निर्माण न करें। न्यायमूर्ति जीएस आहलूवालिया, न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार अग्रवाल की संयुक्त पीठ ने दान की हुई खेल मैदान की भूमि पर सीएम राइज स्कूल निर्माण मामले में स्थांगन के निर्देश दिए। इस संबंध में याचिकाकर्ता दीपक चौधरी ने बताया कि उनके परिवार के पूर्वजों ने पांच एकड़ भूमि स्कूल सहित खेल मैदान के लिए दान दी थी। उक्त खेल मैदान की भूमि पर अब सीएम राइज स्कूल बनाया जा रहा है। जिससे खेल मैदान का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। खास बात यह है कि नगर में मात्र एक ही खेल मैदान है। उनकी याचिका पर जबलपुर हाईकोर्ट ने 24 जून 2024 तक निर्माण कार्य रोकने का स्टे दिया है।

**प्रिंसिपल जैन हाईकोर्ट के स्थगन आदेश की कर रहा अवहेलना** – अमित महतो ने बताया कि पूर्व में विगत 31 मई 2024 से 6 जून 2024 तक माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा मैदान की भूमि दानदाता के परिवार के सदस्य दीपक चौधरी की याचिका पर छह दिन का स्टे खेल मैदान में निर्माण कार्य को रोकने का दिया गया था। लेकिन स्कूल प्रिंसिपल एसके जैन ने माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर खेल मैदान पर स्कूल का निर्माण कार्य बंद नहीं किया। नियमानुसार स्कूल प्राचार्य एसके जैन पर जांच उपरांत उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना का केस दर्ज होना चाहिए और कार्रवाही होना चाहिए। श्री महतो ने आरोप लगाए है कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के स्टे ऑर्डर 31 मई को आया था। फिर उस आदेश के आने के बाद निर्माण कार्य क्यों नही बंद किया गया। इस विषय को लेकर सीएम राइज स्कूल प्राचार्य एसके जैन कहते है कि 5 तारीख को सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा जैन के कहने पर स्कूल का निर्माण कार्य बंद करा दिया गया था। स्कूल निर्माण कार्य में हाईकोर्ट के स्टे के बारे में मुझे जानकारी नहीं है।

**विरोध में हो सकता है धरना प्रदर्शन** – इस संबंध में नगरवासियों ने हाईस्कूल खेल मैदान में पूर्व में किसी प्रकार का निर्माण न कराने की मांग की थी, लेकिन निराशा हाथ लगी है। खेल मैदान में सीएम राइज स्कूल का लेआउट डाल मैदान में गड्ढे कर निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया। खेल प्रेमियों ने कहा कि पूरे ब्लाक में यही एकमात्र स्कूल का मैदान है, जिसमें शिक्षा, संस्कृति, खेल सहित ब्लाक स्तरीय गतिविधियों का संचालन होता है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला राष्ट्रीय पर्व का मुख्य कार्यक्रम यही किया जाता है और तो और जब कोई बड़े लीडर शाहपुर आते हैं तब उनका उड़नखटोला यहीं उतरता है और आमसभा भी यही होती है, साथ ही अन्य बड़े कार्यक्रम इसी मैदान पर आयोजित किए जाते है। नगर के जितेंद्र दीक्षित का कहना है कि पतोवापुरा तहसील कार्यालय के पास लगी हुई शिक्षा के लिए आवंटित हुई शासकीय भूमि पर सीएम राइज स्कूल भवन बनाया जाना चाहिए। यह शासकीय भूमि वर्षो से खाली पड़ी है जो सीएम राइज स्कूल भवन बनाने के लिए पर्याप्त है। इसके बावजूद भी स्कूल भवन निर्माण होंगे तो विरोध में धरना प्रदर्शन किया जा सकता है।

## एक शाम शनिदेव के नाम भजन संध्या में गूंजे शनिदेव के जयकारे, कलाकारों ने बांधा समां



**अनोखा तीर, इटारसी।** न्याय के देवता भगवान शनिदेव जी के जन्मोत्सव के पश्चात शनिवार रात भजन संध्या एक शाम शनिदेव जी के नाम का आयोजन सूखा सरोवर पुरानी इटारसी में किया गया। जनसहयोग से 26 वें वर्ष में आयोजित भजन संध्या में मां के बेटे जागरण समिति द्वारा सर्वप्रथम शनिदेव की महाआरती की गई। करणी सेना परिवार इस आरती का यजमान बनी। महाआरती के बाद ग्रुप संचालक आलोक शुक्ला ने देव आह्वान व गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। श्रीमती वीणा ठाकुर द्वारा शनि देव की स्तुति शनिदेव भजन शनिदेव को तिल तेल चढ़ाओं, शनि का जादू चल गया गाकर शनिदेव जी की महिमा बताई। इस अवसर पर मंच से जबलपुर से आए कलाकार पुनीत लांझे ने शनि के चरित्र की प्रस्तुति दी। झांकी में शनिदेव के रूप में आकाश मालवीय ने श्रद्धालुओं को भगवान शनिदेव के दर्शन कराए। रविंद्र जैन फेम आमंत्रित कलाकार नीलम सिंह यादव ने जैसे ही माइक पर रामायण चौपाइयां, शनि भजन, राम जी की सेना चली रविन्द्र जैन की हूबहू आवाज में गाया। मैदान पर उपस्थित धर्मप्रेमी जनता भक्ति भाव में सराबोर हो गई। पुनीत लांझे द्वारा भगवान कृष्ण, शंकर एवं मां काली की झाकियों की प्रस्तुति दी गई। दरबार का दायित्व पवन शुक्ला, दीपक कतीया, मंच संचालन आरडी रघुवंशी द्वारा किया गया। संगीत साधकों में बेंजो प्रभुदास देव, आर्गन महेन्द्र कनक, ढोलक पर विजय यादव, तबला प्रीत भाई, पेड पर हेमंत, ढोल लक्की देवहारे ने संगत की। मोनू साउंड सर्विस और शुभम अवस्थी का सहयोग रहा। अंत में समिति संचालक आलोक शुक्ला द्वारा आयोजन में शामिल हुए भक्तों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

**जल और पर्यावरण बचाने का संकल्प** – कार्यक्रम में माँ के बेटे जागरण समिति ने पौधा वितरण में मौजूद नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत से सभी परिवारों को पौधे वितरण करते हुए संकल्प दिलाया कि सभी परिवार अपनी ओर से पांच पौधे लगाएंगे, साथ ही मानसून में पानी बचाने के लिए हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग करवाएंगे। आलोक शुक्ला ने कहा कि जल्द ही हम शहर में इस अभियान के लिए जागरूकता बढ़ाएंगे। जल बचाने का संदेश लोगों को पहुंचाया जाएगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत निकाली गई कलश यात्रा

### हुआ चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** नगर पंचायत द्वारा रविवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के चौथे दिन कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा बावड़ी वाले मंदिर से प्रारंभ होकर बाजार क्षेत्र में कमानिया गेट, सरस्वती पुस्तक भंडार के सामने से काली मंदिर की ओर कलश यात्रा



निकाली गई एवं काली मंदिर पर समापन किया गया। वहीं शाम 4 बजे से नगर परिषद के सभाकक्ष में जल संरक्षण विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अदिशा ठाकुर, चारुलता यादव, महक सराठे, अंश रघुवंशी, यशस्वी तोमर, कनिका गाइन, मोहित कोरी, सुमित कुशवाहा, डॉली पठारिया, राघवेंद्र गिरी, यश गिरी, मोहिनी कहार, पूर्वी मालवीय, दिव्या मालवीय, तनीषा मालवीय, नावेद खान, हर्ष परमार, सृष्टि आरसे, राधिका परते, रोशनी शर्मा, आस्था नागवंशी ने चित्रकला प्रतियोगिता में एवं सत्यजीत मालवीय, अंशिका रघुवंशी, पावनी कहार, सोनू कोरी, उमाशंकर कोरी, अंकित बामने, आदर्श तिवारी, मुस्कान पटेल, राधिका ठाकुर, कामिनी अहिरवार ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, रविशंकर पार्षद, आरजी चौबे उपयंत्री, संजय परसाई, एचएल परते, श्रीमती बरखा ठाकुर, श्रीमती प्रीति परधी एवं नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित हुए।

# नई सरकार को संतुलन साधना होगा सबसे अहम

**संपादकीय**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपने गठबंधन का नेता चुन लिया है। इसके साथ ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालने की दिशा में उन्होंने एक और कदम आगे बढ़ा दिया।

दरअसल, इस बार के आम चुनाव में खंडित जनादेश मिला है। किसी भी राजनीतिक दल को पूर्ण बहुमत हासिल नहीं हो सका है। सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ने गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। भाजपा की अगुआई वाले गठबंधन, राजग, को जरूरी बहुमत से कुछ अधिक सीटें प्राप्त हुई हैं, इसलिए वह सरकार बनाने का दावा पेश करने जा रहा है। चूंकि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है, और उसके गठबंधन के पास अस्पष्ट बहुमत है, इसलिए सरकार बनाने का दावा वाजिब है। कांग्रेस की अगुआई वाले इंडिया गठबंधन ने सरकार बनाने के सवाल पर संकेत दिया है कि फिलहाल वे किसी जोड़-तोड़ में नहीं जुटेंगे और सही समय का इंतजार करेंगे। इससे पहले खबरें आई थीं कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू शायद सैद्धांतिक आधार पर राजग के साथ जाने से इनकार कर दें और इसका फायदा इंडिया उठा ले। लेकिन भाजपा की अगुआई वाले गठबंधन की सरकार बनने की राह स्पष्ट हो गई है। पर यह भी तय है कि इस बार भाजपा का गठबंधन के सहयोगियों के साथ वही व्यवहार नहीं रह पाएगा, जो पहले की दो सरकारों के समय देखा गया। इस बार भाजपा को अकेले दम पर बहुमत हासिल नहीं है। उसे सरकार चलाने के लिए हर समय सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा। पिछली दो सरकारों के समय भाजपा के पास स्पष्ट बहुमत था, इसलिए उसे इस बात की चिंता नहीं थी कि सहयोगी दल किसी मोड़ पर उसकी बांह मरोड़ सकते हैं। इस बार वैसी निश्चिंतता नहीं रहेगी। एक तनी हुई रस्सी पर संतुलन साधते हुए चलने जैसा होगा। जरा-सा भी असंतुलन खतरनाक साबित होगा। फिर, जिन दो दलों-तेलगु देसम पार्टी और जद (एकी) के पास सरकार चलाने के लिए निर्णायक सीटें हैं, उनके साथ संतुलन साधना सबसे अहम होगा। इन दोनों दलों के नेताओं यानी नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के भाजपा के साथ सैद्धांतिक मतभेद पहले कई बार उजागर हो चुके हैं। वे बीच में भाजपा का साथ छोड़ कर अलग राह पकड़ चुके हैं। इसलिए उन्हें लेकर भरोसेमंद दावा कोई नहीं कर सकता। वे कब किस फैसले से नाराज हो जाएं, कहना मुश्किल है। ऐसे में भाजपा के लिए उनके साथ लगातार संतुलन साधते रहना होगा। राजग की पिछली दो सरकारों के कामकाज के तरीके और फैसलों को लेकर अनेक आपत्तियां उठती रही हैं। नई सरकार में घटक दलों की बात सुनना जरूरी होगा। अपेक्षा की जाती है कि इस बार मंत्रिमंडल का गठन कुछ इस तरह से होगा कि उसमें घटक दलों की मांगों को समायोजित करना होगा। हर सहयोगी दल अपने समर्थन की बड़ी कीमत मांगेगा। उसमें अगर पदों और विभागों के बंटवारे में असंतुलन होगा, तो असंतोष भी उभरेगा और उसका असर सरकार के कामकाज पर नजर आने लगेगा।

# उत्तर प्रदेश में बीजेपी के हिन्दुत्व पर भारी पड़ी सपा की जातीय जुगलबंदी

**(अजय कुमार)**

**यह वह चर्चा है जिसे आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने सबसे पहले हवा दी थी। उन्होंने दावा किया था कि लोकसभा चुनाव के बाद यूपी में सत्ता परिवर्तन होगा। योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री पद से हटाए जाएंगे। लखनऊ में इंडिया गठबंधन के प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरविंद केजरीवाल ने सीएम योगी आदित्यनाथ पर बड़ा दावा किया था। केजरीवाल ने कहा था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली आए थे। उन्होंने मुझे गालियां दीं। योगी जी, मैं आपसे विनम्रता से कहना चाहता हूं कि आपके असली दुश्मन आपकी ही पार्टी में हैं। भाजपा में अपने दुश्मनों से लड़िए। आप केजरीवाल को गाली क्यों दे रहे हैं? अरविंद केजरीवाल ने दावा किया था कि पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह आपको हटाना चाहते हैं।**



दस वर्षो गे बाद अबकी से यूपी के वोटिंग पैटर्न में बड़ा बदलाव देखने को मिला। भाजपा बड़े स्तर पर पिछड़ी, यह तो सबने देखा, परंतु क्यों पिछड़ी इसको लेकर उसके अंदर भी दुविधा नजर आ रही है। जो बीजेपी 2019 में यूपी में 63 सीटें जीती थीं जो अबकी से वह 33 पर सिमट गई।

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। यूपी में खराब परफारमेंस की वजह से बीजेपी केन्द्र में अपने दम पर बहुमत का भी आकड़ा नहीं पा कर पाई। भले ही एनडीए के तौर पर उसकी सरकार बनना तय लग है, लेकिन अबकी से उसके सामने चुनौती बड़ी होगी। बीजेपी का यह सारा खेल यूपी ने बिगाड़ा है। 2017 के विधान सभा चुनाव के बाद जिस तरह से अप्रत्याशित तरीके से बीजेपी आलकमान द्वारा योगी को यूपी का सीएम बनाया गया था, उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव और 2022 के विधान सभा चुनाव में मोदी के साथ योगी का भी सिक्का खूब चला। यहां कोई भी चुनाव होता मोदी आगे तो योगी उनके पीछे नजर आते थे। अपने बल पर शानदार प्रदर्शन करने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ का जादू अबकी लोकसभा चुनाव में क्यों नहीं चला यह यक्ष प्रश्न है। कहा यह भी जा रहा है कि समाजवादी पार्टी के पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक (पीडीए) फार्मूला ने बीजेपी के हिन्दुत्व को हासिये पर ढकेल दिया। जबकि जमीनी हकीकत यही है कि यूपी की सियासी पिच पर भले योगी मात खा गये हों, लेकिन उनकी सरकार के कामकाज को लेकर किसी को कोई खास नाराजगी नहीं है। आज भी प्रदेश में लॉ एंड आर्डर के कारण उनकी छवि काफी बड़ी दिखती है। विकास के कार्य भी ठीकठाक चल रहे थे, ऐसे में यही कहा जा सकता है कि शायद योगी अपनी बात को मतदाताओं के सामने उतने सही तरीके से नहीं जैसा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव करने में सफल रहे। वहीं बसपा के वोटर को भी जब इस बात का अहसास हुआ कि बहनजी अबकी से रेस में नहीं है तो उसने भाजपा की जगह समाजवादी पार्टी का साथ ज्यादा पसंद किया, यह भी बीजेपी के लिये माइनस प्वाइंट रहा। इसकी वजह भी साफ है। दलित और उसके साथ पिछड़ों को भी इस बात का विश्वास हो गया था कि यदि मोदी मजबूत हुए तो उनका आरक्षण खत्म हो जायेगा।

बहरहाल, योगी की भविष्य की राजनीति पर लोकसभा चुनाव के नतीजे का प्रभाव पड़ना निश्चित है। एक तरफ विपक्ष उनके खिलाफ ज्यादा हमलावर होगा तो पार्टी के भीतर से भी उनके खिलाफ आवाज उठने लगेंगी। क्योंकि अक्सर ऐसी खबरें आती थीं कि योगी राज में बीजेपी के जनप्रतिनिधियों को कोई महत्व नहीं मिल रहा था और इसकी बड़ी वजह योगी को समझा जाता था। यहां तक की चौकी-थाने तक में बीजेपी नेताओं और पार्षदों की बात तो दूर विधायकों और सांसदों तक की नहीं सुनी जाती थी। यूपी में भाजपा के साथ-साथ उसके सहयोगी दलों को भी झटका लगता है। सुभासपा के बढ़ बोले नेता ओम प्रकाश राजभर अपने बेटे को चुनाव नहीं जिता पाये तो संजय निषाद की पार्टी का भी एक सीट पर खाता नहीं खुला। हॉ, राष्ट्रीय लोकदल अपनी दो और अपना दल एस की अनुप्रिया पटेल मिर्जापुर से चुनाव जीत गई हैं। वहीं, सुभासपा को घोसी लोकसभा सीट पर झटका लगा है। इंडिया गठबंधन प्रदेश की 80 में से 43 सीटें जीतने में सफल रहा। इसमें सपा की 37 सीटों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कांग्रेस को भी 6 सीटों पर जीत हासिल हुई, लेकिन इसका श्रेय भी अखिलेश को ही दिया जा रहा है। वहीं, भाजपा के नेतृत्व में एनडीए 36 सीटों पर ही हासिल कर पाई,जिसमें भाजपा की 33 सीटें थीं। यूपी में उसके सात केन्द्रीय मंत्री चुनाव हार गये। एक सीट पर आजाद समाज पार्टी को जीत हासिल हुई।

दस वर्षो गे बाद अबकी से यूपी के वोटिंग पैटर्न में बड़ा बदलाव देखने को मिला। भाजपा बड़े स्तर पर पिछड़ी, यह तो सबने देखा, परंतु क्यों पिछड़ी इसको लेकर उसके अंदर भी दुविधा नजर आ रही है। जो बीजेपी 2019 में यूपी में 63 सीटें जीती थीं जो अबकी से वह 33 पर सिमट गई। पार्टी को 30 से सीटों का का नुकसान एठाना पड़ा। वहीं, कांग्रेस का आकड़ा एक से छह पर पहुंच गया है। 2009 के लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार कांग्रेस ने प्रदेश में बढ़त बनाई है। वहीं, समाजवादी पार्टी अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने में कामयाब रही है। 1992 में समाजवादी पार्टी के गठन के बाद से अब तक का यह उसका सबसे शानदार प्रदर्शन था। इतना बेहतर प्रदर्शन तो किसी भी लोकसभा चुनाव में स्वयं मुलायम सिंह यादव तक नहीं कर पाये थे। इससे पूर्व 2004 में सपा ने 35 सीटें जीती थीं। इससे यही लगता है कि इंडिया गठबंधन अपनी रणनीति बेहतर तरीके से जमीन पर उतरने में सफल रही। वहीं, भाजपा के पक्ष में माहौल बनता नहीं दिख पाया। ऐसे में भाजपा प्रदेश नेतृत्व में बदलाव की रणनीति पर काम कर सकता है। इस पर चर्चा शुरू हो गई है, लेकिन यह चर्चा हवा-हवाई ज्यादा लगती है।

यह वह चर्चा है जिसे आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने सबसे पहले हवा दी थी। उन्होंने दावा किया था कि लोकसभा चुनाव के बाद यूपी में सत्ता परिवर्तन होगा। योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री पद से हटाए जाएंगे। लखनऊ में इंडिया गठबंधन के प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरविंद केजरीवाल ने सीएम योगी आदित्यनाथ पर बड़ा दावा किया था। केजरीवाल ने कहा था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली आए थे। उन्होंने मुझे गालियां दीं। योगी जी, मैं आपसे विनम्रता से कहना चाहता हूं कि आपके असली दुश्मन आपकी ही पार्टी में हैं। भाजपा में अपने दुश्मनों से लड़िए। आप केजरीवाल को गाली क्यों दे रहे हैं? अरविंद केजरीवाल ने दावा किया था कि पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह आपको हटाना चाहते हैं। आपको यूपी के सीएम की कुर्सी से हटाने की पूरी तैयारी चल रही है। आप उनसे निपटिए। केजरीवाल ने लोगों से कहा था कि इंडिया को बचाना है तो इंडिया गठबंधन को जिताना है।

खैर, योगी से इत्तर बात बसपा की भी जरूरी है। बीएसपी सुप्रीमो मायावती की पार्टी की कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही है। बसपा को किसी भी सीट पर जीत नहीं मिली। यूपी में बसपा की सुप्रीमों मायावती को दलितों की एकमात्र राजनीतिक मसीहा माना जाता रहा है। उनके इशारे पर दलितों का वोट पड़ता रहा है। मगर इस बार हालात इसके कुछ अलग दिखाई दिया। कभी मायावती के एक इशारे पर यूपी का 17 फीसदी दलित वोट बैंक वोटिंग के लिए तत्पर रहता था। इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि बसपा के टिकट को हासिल करने के लिए उम्मीदवारों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी। कई बार तो मायावती पर टिकट को बेचने के आरोप भी लगे। मगर इसके बावजूद बसपा के कोर वोट बैंक को कोई खास असर नहीं पड़ा। फिलहाल इस बार के नतीजों से कुछ अलग ही हालात सामने आ रहे हैं। इस बार मायावती का वोट बैंक उनके साथ नहीं रहा है। इस बार दलित वर्ग के पढ़े-लिखे नौजवानों का एक तबका इस बात से पूरी तरह सहमत था कि बीजेपी को हराने के लिए बसपा को विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा होना चाहिए था. जब ऐसा नहीं हुआ तो इन लोगों ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में वोट देने का फैसला किया. इससे उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को ऐसी सफलता मिली है, जिसकी उनको उम्मीद भी नहीं थी। इस तरह देखा जाए तो मायावती की राजनीतिक पकड़ फिलहाल अपने कोर वोट बैंक पर कमजोर होती दिख रही है।

आमतौर पर बीएसपी को विपक्ष भाजपा की बी टीम कहकर टार्गेट करता रहा है पर कहानी कुछ और ही चल रही थी। पश्चिम से पूरब तक मायावती ने ऐसे कैंडिडेट खड़े किए जो एनडीए कैंडिडेट्स को ही नुकसान पहुंचा रहे थे। पश्चिमी यूपी में मेरठ में देवव्रत त्यागी, मुजफ्फरनगर से दारा सिंह प्रजापति, खीरी सीट से बीएसपी का पंजाबी प्रत्याशी आदि बीजेपी को सीधे नुकसान पहुंचा रहे थे। इसी तरह पूर्वी यूपी में घोसी में बीएसपी ने जो कैंडिडेट दिया। वह सीधा इशारा था कि पार्टी ने एनडीए का काम खराब करने का ठेका ले लिया है। घोसी सीट पर बालकृष्ण चौहान ने एनडीए की 2 साल पुरानी तैयारी को ही पलीता लगा दिया। यहां पर बीजेपी ने स्थानीय नोनिया नेता दारा सिंह चौहान को समाजवादी पार्टी से इसलिए ही लाए गए थे कि उनका लाभ घोसी और आसपास की सीटों पर लिया जा सके. पर जब बीएसपी ने एक नोनिया जाति के कैंडिडेट बालकृष्ण चौहान का खड़ा कर दिया तो जाहिर है कि एनडीए का काम खराब होना ही था। इसी तरह चंदौली में बीएसपी उम्मीदवार सतेंद्र कुमार मौर्या बीजेपी उम्मीदवार महेंद्रनाथ पांडेय के लिए खतरा बन गए। इसी तरह बहुजन समाज पार्टी के मनीष त्रिपाठी मिर्जापुर में अनुप्रिया पटेल को त्रिकोणीय मुकाबले में फंसा दिए.वह तो अंत समय में सीट निकालने में किसी तरह सफल हो गईं। पूरे प्रदेश में दो दर्जन ऐसी सीटें हैं जहां बीजेपी कैंडिडेट के वोट बीएसपी कैंडिडेट के चलते कम हो गये।

# क्या होगी मोदी सरकार 3.0 की 5 प्रमुख प्राथमिकताएं? लिखेगा बड़े फैसलों का नया अध्याय

**(अशोक उपाध्याय)**

नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में किन-किन कामों को प्राथमिकता देंगे? हर कोई यह जानने को उत्सुक है। पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद देश को संबोधित करते हुए कहा था, 'तीसरे कार्यकाल में देश ऐतिहासिक फैसलों का गवाह बनेगा।' लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी को वोट शेयर और सीटों का बड़ा नुकसान हुआ है, लेकिन बीजेपी अपने एनडीए के घटक दलों के सहयोग से सरकार बनाने जा रही है। बीजेपी नीत एनडीए गठबंधन के खाते में 292 सीटें आई हैं। बीजेपी 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। हालांकि, 2019 के मुकाबले 63 सीटें कम है। लेकिन पीएम मोदी का जोश पहले की तरह ही हाई है। पीएम मोदी ने साफ-साफ कहा है कि एनडीए के तीसरे कार्यकाल में देश कई बड़े फैसलों का नया अध्याय लिखेगा। आइए जानते हैं कि पीएम मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में किन 5 कामों पर ज्यादा फोकस करेंगे।

## गुड गवर्नेंस पर फोकस

एनडीए संसदीय दल के नेता चुने जाने के बाद पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा था, एनडीए सरकार ने देश को गुड गवर्नेंस दिया है और एक प्रकार से एनडीए कहते ही गुड गवर्नेंस का पर्यायवाची बन जाता है। हम सबके केंद्र बिंदु में गरीब कल्याण और गुड गवर्नेंस सर्वोपरि रहा है। मैं बहुत जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि अगले 10 साल में गुड गवर्नेंस, विकास, नागरिकों के जीवन में क्वालिटी ऑफ लाइफ, मेरा व्यक्तिगत रूप से एक ड्रीम है। सामान्य मानव के जीवन में से सरकार की दखल जितनी कम होगी, उतनी ही लोकतंत्र की मजबूती होगी।

## महिलाओं के उत्थान पर खास ध्यान

बीजेपी ने चुनाव प्रचार में महिला वोटरों पर अपना खास फोकस रखा था। पीएम मोदी चुनावी नतीजों के बाद अपने पहले भाषण में महिलाओं का जिक्र करना नहीं भूले। उन्होंने अपनी दिवंगत मां को याद करते हुए कहा, आज का यह पल निजी तौर पर मेरे लिए भी भावुक करने वाला पल है। मेरी मां के जाने के बाद यह मेरा पहला चुनाव था। लेकिन सच मानिए देश की मां, बहनों और बेटियों ने मां की कमी मुझे खलने नहीं दी। मैं जहां-जहां भी गया, मुझे आशीर्वाद मिला। देश में महिलाओं ने वोटिंग के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। देश की माताओं बहनों ने मुझे नई प्रेरणा दी है। इसका यही संकेत है कि बीजेपी का महिलाओं पर फोकस आगे भी बना रहेगा और वह उनके कल्याण से जुड़ी योजनाओं पर आगे भी काम करती रहेगी।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती बरकरार

पीएम मोदी ने कहा कि, 10 साल पहले देश ने बदलाव के लिए हमें जनादेश दिया था। यह वह समय था, जब देश निराशा की गर्त में डूब चुका था। देश की युवा पीढ़ी अपने भविष्य को लेकर आशंकित थी। तब देश ने हमें निराशा के गहरे सागर से आशा के मोती निकालने का जिम्मा सौंपा था। हम सभी ने पूरी ईमानदारी से प्रयास किया, काम किया। ये काम 2019 में जारी था, 2024 में और तेजी से जारी रहेगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। प्रधानमंत्री के इस बयान से साफ है कि अगली सरकार भ्रष्टाचार को लेकर सख्त रवैया अपनाए रहेगी।

## आदिवासियों को मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा

पीएम मोदी ने अपने भाषण था कि हिंदुस्तान के इतने महान लोकतंत्र की ताकत देखिए कि एनडीए को आज देश के 22 राज्यों में लोगों ने सरकार बनाकर उनको सेवा करने का मौका दिया है। हमारा ये गठबंधन सच्चे अर्थ में भारत की आत्मा है। हमारे देश में 10 ऐसे राज्य है, जहां हमारे आदिवासियों की संख्या प्रभावी और निर्णायक रूप से है। ऐसे 10 राज्यों में से 7 में एनडीए सेवा कर रहा है। देश के राजनीतिक इतिहास में प्री-पोल अलायंस इतना सफल कभी भी नहीं हुआ है, जितना एनडीए हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के 75 साल में तीन दशक की एनडीए की यात्रा एक बहुत बड़ी मजबूती का संदेश देती है। यह सबसे सफल गठबंधन है। एनडीए सत्ता प्राप्त करने का या सरकार चलाने का कुछ दलों का जमावड़ा नहीं है, ये राष्ट्र प्रथम की मूल भावना से नेशन फर्स्ट के प्रति कमिटेड समूह है। आदिवासियों का जिक्र करके पीएम मोदी ने साफ कर दिया कि तीसरे कार्यकाल में इन्हें तेजी से मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा।

## दक्षिण में विकास योजनाओं का हो सकता है विस्तार

पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनाव में दक्षिण भारत में एनडीए ने एक नई राजनीति की नींव मजबूत की है। कर्नाटक और तेलंगाना, जहां अभी हाल में उनकी (कांग्रेस) सरकारें बनी थी। लेकिन, पल भर में इनसे लोगों का विश्वास टूट गया और एनडीए को गले लगा लिया। मैं तमिलनाडु की टीम को भी बधाई देना चाहता हूं। आज तमिलनाडु में काफी तेजी से एनडीए का वोट शेयर बढ़ा है। इसी तरह पहली बार केरल से हमारा प्रतिनिधि बन कर आया है। पीएम मोदी ने नतीजों के बाद दक्षिण भारत में बढ़ते बीजेपी के जनाधार का जिक्र भी किया। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि बीजेपी इस बार दक्षिण भारत के विकास पर खास फोकस रखेगी।

# मोदी के बाद योगी ने खूब बहाया पसीना

**अठारहवीं लोकसभा के चुनाव को लेकर बीजेपी ने जबरदस्त मेहनत की। उसने बेहतर रणनीति बनाई। चुनावी मैदान पर वोटरों को लुभाने के लिए सबसे ज्यादा मेहनत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। 73 साल की उम्र में उन्होंने कितना पसीना बहाया, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अकेले 206 चुनावी रैलियां की या रोड शो किए। पूर्वोत्तर भारत के कुछ-एक इलाकों को छोड़ दें तो तकरीबन समूचे देश में उन्होंने रैली और रोड शो नहीं किया है।**

**(उमेश चतुर्वेदी)**

73 साल की उम्र में नरेंद्र मोदी ने कितना पसीना बहाया, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अकेले 206 चुनावी रैलियां की या रोड शो किए। पूर्वोत्तर भारत के कुछ-एक इलाकों को छोड़ दें तो तकरीबन समूचे देश में उन्होंने रैली और रोड शो नहीं किया है।

आम चुनाव के नतीजों की उलटी गिनती शुरू हो गई है। अगर नतीजे एक्जिट पोल जैसे ही रहते हैं तो मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है। यूं तो हर जीत का सेहरा सेनापति के ही सेहरे पर बंधता है। नरेंद्र मोदी बीजेपी के हरावल दस्ते के अगुआ हैं, इसलिए निस्संदेह मौजूदा जीत उनकी ही होगी। लेकिन इस जीत के बीजेपी की ओर से कई और नायक भी हैं। मोदी और अमित शाह की जोड़ी को भारतीय राजनीति की सबसे सफल जोड़ी की प्रतिष्ठा हासिल हो चुकी है। जाहिर है कि इस जीत के नायक अमित शाह भी हैं। लेकिन बीजेपी के तीसरी बार सत्तारोहण में एक और शख्स की मेहनत भी शामिल है। ये शख्स हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अठारहवीं लोकसभा के चुनाव को लेकर बीजेपी ने जबरदस्त मेहनत की। उसने बेहतर रणनीति बनाई। चुनावी मैदान पर वोटरों को लुभाने के लिए सबसे ज्यादा मेहनत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। 73 साल की उम्र में उन्होंने कितना पसीना बहाया, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अकेले 206 चुनावी रैलियां की या रोड शो किए। पूर्वोत्तर भारत के कुछ-एक इलाकों को छोड़ दें तो तकरीबन समूचे देश में उन्होंने रैली और रोड शो नहीं किया है। भारत में अगर 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने वोटिंग किया है, उन्हें मतदान केंद्रों तक बुलाने में राजनीतिक दलों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका प्रधानमंत्री मोदी की रही है। दिलचस्प यह है कि बीजेपी की ओर से लोगों को लुभाने के लिए जिन नेताओं ने मेहनत की है, उनमें दूसरे नंबर पर अगर कोई है तो वे हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। उन्होंने देशभर में करीब 197 रोड शो और रैलियां की हैं। बीजेपी के चुनाव प्रचार में योगी आदित्यनाथ की मांग उत्तर प्रदेश में रहनी थी। वैसे उत्तर प्रदेश में पार्टी को जिताना उनकी जिम्मेदारी भी थी। लेकिन उत्तर प्रदेश के बाहर भी उनकी खूब मांग रही। योगी जी ने उत्तर प्रदेश से बाहर बारह राज्यों उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, जम्मू, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, ओडिशा, चंडीगढ़, हरियाणा और दिल्ली जैसे बारह राज्यों में उन्होंने प्रचार किया। योगी को लेकर देश का कथित प्रबुद्ध वर्ग विरोधी भाव रखता है। लेकिन चुनाव अभियान में प्रबुद्ध लोगों को लुभाने के लिए उन्होंने प्रबुद्ध लोगों की पंद्रह सभाओं को भी संबोधित किया।

मौजूदा चुनाव अभियान जैसे शुरू हुआ था, एक अफवाह फैलाई गई कि उत्तर प्रदेश में अगर बीजेपी जीती तो योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। चुनाव अभियान के दौरान बीजेपी के प्रति क्षत्रिय समुदाय के गुस्से की भी अफवाहें फैलीं। बीजेपी ने शुरू में तो इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी। लेकिन बाद में जब पार्टी को लगा कि इस अफवाह का नुकसान हो सकता है तो पार्टी को सामने आना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी को कई सभाओं में योगी की तारीफ करनी पड़ी। अलीगढ़ की सभा में 23 अप्रैल को मोदी ने जो कहा, उससे पार्टी में योगी की महत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है। तब मोदी ने कहा, जो लोग योगी जी की पहचान सिर्फ बुलडोजर से करते रहते हैं मैं उनकी जरा आंखें खोलना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद जितना औद्योगिक विकास नहीं हुआ वो अकेले योगी जी के काल खंड में हुआ है. मोदी यहीं नहीं रूके। उन्होंने योगी सरकार द्वारा शुरू की गई %वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट% मिशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसकी वजह से पूरे देश में उत्तर प्रदेश की नई इज्जत बनी है। योगी को उत्तर प्रदेश के विरोधी दल बुलडोजर बाबा कहते रहे हैं। इससे योगी की नकारात्मक छवि बनाने की कोशिश की जाती रही है। उत्तर प्रदेश की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने इसका उल्लेख करते हुए जो कहा, उस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। तब मोदी ने कहा था कि लोगों ने सिर्फ बुलडोज़र-बुलडोजर की बातें सुनी हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश को अगर विकास की नई ऊंचाइयों पर कोई ले गया है तो योगी जी की सरकार लेकर गई है। योगी के खिलाफ चल रहे अफवाहों के जवाब में प्रधानमंत्री के इस बयान को भी देखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने योगी की प्रशंसा करते हुए कह दिया कि काशी का सांसद होने के नाते, वे खुद उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि हैं। इस लिहाज से योगी उनके भी मुख्यमंत्री हैं। प्रधानमंत्री के इस बयान से योगी को लेकर जैसे अफवाहों पर विराम ही लग गया। प्रधानमंत्री ने योगी की प्रशंसा में कशीदा पढ़ते हुए यहां तक कह दिया कि वे योगी जैसा साथी पाकर गर्व अनुभव करते हैं।

नरेंद्र मोदी 73 साल के हो गए हैं। मोदी की जो कार्यशैली है, उसके हिसाब से समझा जा सकता है कि मौजूदा कार्यकाल के बाद वे अपने उत्तराधिकारी को लेकर भी सोच रहे होंगे। वैसे भारतीय जनता पार्टी में नेतृत्व का चुनाव किसी एक व्यक्ति के हाथ नहीं होता। पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए नेता का चुनाव करता है। नरेंद्र मोदी को 2012 के गुजरात विधान सभा चुनाव में मिली जीत के बाद से ही बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने अपना भावी नेता मान लिया था। पार्टी ने उन्हें प्रधानमंत्री पद का दावेदार जुलाई 2013 में बनाया। एक तरह से वह कार्यकर्ताओं की ही सोच की अभिव्यक्ति थी। कुछ ऐसी ही पहुंच और पहचान इन दिनों योगी की भी बन रही है। वैसे बीजेपी के पास दूसरीं पांत के नेताओं की कमी नहीं है। लेकिन योगी अपने तरीके से उभर रहे हैं। बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपराधियों, बलात्कारियों और माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के लिए योगी का अचूक औजार बुलडोजर को अपना लिया है। इससे साबित होता है कि पार्टी के अंदरूनी हलके में उनकी स्वीकृति बढ़ी है।

योगी की सख्त प्रशासक की छवि लोगों को लुभाती है। रायबरेली में छठवें दौर में मतदान हुआ। वहां एक बुजुर्ग महिला मतदाता से जब पूछा गया कि उन्होंने किस मुद्दे पर वोट डाला है तो उस महिला ने मुद्दे पर सीधे आने की बजाय कह दिया कि अब उसे देर रात तक सिकड़ी-बाली (गले की सोने की चेन और कानों की बाली) पहनने में डर नहीं लगता। अब उसका बेटा देर से भी जिला से घर आता है तो उसे चिंता नहीं होती। यानी साफ है कि योगी जी के राज में उत्तर प्रदेश में सुरक्षा की गारंटी बढ़ी है। यह गारंटी महिलाओं को आश्वस्त करती है। इसी आश्वस्ति की जानकारी प्रकारांतर से महिला मतदाता ने दिया। योगी के साथ अच्छी बात यह है कि उनके आगे-पीछे कोई परिवार नहीं है। इसलिए उनकी ईमानदारी पर बाकी राजनेताओं की तुलना में ज्यादा भरोसा किया जाता है। शायद यही वजह है कि योगी आदित्यनाथ बीजेपी में दूसरी पांत की नेताओं में सबसे ज्यादा स्वीकार्य बने हैं। यही वजह है कि उन्हें हटाने को लेकर फैली अफवाह पर बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा तक को कहना पड़ता है कि योगी बीजेपी के सबसे योग्य मुख्यमंत्री हैं और उन्हें हटाने के लिए सोचा भी नहीं जा सकता।

शीर्ष नेतृत्व की जिम्मेदारी हासिल करने के लिए उस योग्य भी होना पड़ता है। लेकिन इसके अलावा राजनीति में कई और कारक भी होते हैं। उन वजहों की कसौटी पर योगी कितने खरे उतर पाएंगे, यह तो भविष्य ही बताएगा। फिर भी योगी ने राजनीति में ऐसी हैसियत जरूर बना ली है, जिसकी वजह से देश का एक वर्ग उनसे उम्मीद जताए बैठा है। यह उम्मीद पूरी होगी या नहीं, यह भविष्य के गर्भ में हैं। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

## न्यूज ट्रेक

### वाहन चालकों से वसूले 34 हजार

अनोखा तीर, खंडवा। जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 79 वाहन चालकों के विरुद्ध एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं समन शुल्क 34300 रुपए वसूल किए गए है।

### घासपुरा में सात लोगों जुआ खेलते पकड़ा

अनोखा तीर, खंडवा। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के घासपुरा में सात लोगों को ताश के पत्तों से जुआ खेलते पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनके पास से 1090 रुपए जब्त किए। आरोपी भावेश पिता राजू डिंडोरे, करण पिता अर्जुन सारसर, विनय पिता बबलू मोठे, जयजीत पिता अजय डिंडोरे, मनीष पिता बाबूलाल मोठे, कुलदीपपिता लक्ष्मण सारसर, पूनम पिता सुंदरलाल घारू सभी निवासी मेहतर मोहल्ला घासपुरा खंडवा के कब्जे से व फड से 52 ताश पत्ते व नगदी कुल 1090 रुपए जप्त किए गए। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इधर, थाना धनगांव में आरोपी हरिजन मोहल्ला में मंदिर के पास ग्राम भेरूखेडा दक्षिण पूर्व 25 किमी के कब्जे से सट्टा उपकरण व नगदी 1835 रुपए जप्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

अनोखा तीर, खंडवा। जिले के विभिन्न थानों में कुल 88 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। धारा 107, 116 (3) जा.फौ. के तहत 43 प्रकरण 63 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 110 जा.फौ. के तहत 21 प्रकरण 21 अनावेदकों के विरुद्ध, 151 जा. फौ. के तहत 4 प्रकरण 4 अनावेदकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिले में कुल 6 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्यवाही कराई गई है। वहीं 15 गिरफ्तारी वारंट, 2 स्थाई वॉरन्ट, 34 जमानती वारंट, 61 समंस न्यायालय में तामील किए गए।

### जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरचनाओं का पुनर्जीवीकरण



अनोखा तीर, खंडवा। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि रविवार को ग्राम पंचायत सैयदपुर, ग्राम पंचायत छिरवेल, ग्राम नांदियाखेड़ा, ग्राम पंचायत लहाड़पुर माल में नाला विस्तारीकरण का कार्य का किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत धनगांव, ग्राम पंचायत रूधि, ग्राम सत्तापुर, ग्राम पंचायत जलवा बुजुर्ग एवं ग्राम पंचायत खिराला में तालाब निर्माण कार्य कराया गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम बांगरदा एवं ग्राम पंचायत जामली राजगढ़ में चेकडेम गहरीकरण एवं गाद निकासी, ग्राम पंचायत बिलनखेड़ा एवं ग्राम पंचायत मालूद में कूप गहरीकरण एवं गाद निकासी, ग्राम पंचायत राजपुरा में चेकडेम जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण का कार्य किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत गोराडिया में स्टॉपडेम निर्माण, ग्राम पंचायत गांधवा में जल निकासी, ग्राम पंचायत सोनूद में पेयजल कूप निर्माण, ग्राम छाल्पीखुर्द में पोखर तालाब निर्माण, ग्राम पंचायत शिवरिया में पुराने कूप का जीर्णोद्धार, ग्राम पंचायत कुंडिया में नवीन कूप निर्माण, ग्राम देवली कलां में निस्तार तालाब का जीर्णोद्धार तथा ग्राम पंचायत खोरदा में सार्वजनिक कूप की सफाई का कार्य किया गया।

### श्रीजी बिल्वपत्र वाटिका अभियान में लगाए 51 पौधे



अनोखा तीर, देवास। श्रीजी बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं सेवा समिति द्वारा अक्षर निवासी शास्त्री स्वामी नारायण प्रकाश दास जी (वड़ताल) गुरू कोठारी स्वामी कृष्णजीवनदास की स्मृति में श्रीजी बिल्वपत्र वाटिका निर्माण अभियान की शुरूआत रविवार से की गई। समिति सचिव घनश्याम मोदी ने बताया कि अभियान की शुरूआत राधाकृष्ण की पूजा के साथ की गई। तत्पश्चात सर्वप्रथम बिल्वपत्र वाटिका का निर्माण मेंढकी रोड स्थित गोविंद गोरक्षाधाम आश्रम पर बीके प्रेमलता दीदी, बीके अपुल बहन, रत्ना प्रभा बहन, छाया बहन, विवेक भाई, सुभाष भाई, बद्री भाई, समिति अध्यक्ष रूक्मणि परमार, पदम सिंह पवार, चंद्रकांत निमा, राजेश भाटिया की उपस्थिति में किया गया। अभियान अंतर्गत वाटिका में 51 बिल्वपत्र के साथ कनेर, गुडहल के पौधों का रोपण किया गया। समिति द्वारा यह अभियान निरंतर रूप से शहर सहित प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों, शहरों व कस्बों में चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत अनगिनत श्रीजी बिल्वपत्र वाटिका का निर्माण किया जाएगा। इनके निर्माण के साथ देखरेख भी बेटी बचाओ समिति के सदस्यों द्वारा की जाएगी।



अनोखा तीर, खंडवा। श्री मोदी के द्वारा तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर जिला मुख्यालय खंडवा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया आनंद उत्सव।

# जिनवाणी माँ को पालकी में लेकर कराया जाएगा नगर भ्रमण



अनोखा तीर, खंडवा। सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को श्रुत पंचमी का पर्व पूर्ण भक्तिभाव एवं उल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज द्वारा शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। श्रुत पंचमी पर्व पर पोरवाड़ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट मंगलवार को सरस्वती विधान पूजन द्वारा जिनवाणी की आराधना की जाएगी। समाज के सुनील जैन एवं प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि जिनवाणी शोभायात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सराफा से प्रातः 7.15 पर प्रारंभ होकर रामगंज, बुधवारा बाजार, केवलराम चौराहा, बम्बई बाजार, घंटाघर, सराफा बाजार होते हुए वापस सराफा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मन्दिर पर पहुंचेगी। यहां समाजजनों द्वारा पंडित निखलेश जैन के मंत्रोपचार से सरस्वती विधान एवं श्रुत पंचमी पर्व का पूजन होगा। शोभायात्रा में जिनवाणी को रजत पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। पोरवाड़ समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र भटयांण एवं सचिव रंजन जैनी ने सभी धर्मावलंबियों से निवेदन किया कि शोभायात्रा में पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्र एवं महिलाएं केशरिया वस्त्र पहनकर पहुंचे।

# प्रधानमंत्री की शपथ विधि समारोह में शामिल हुए मंत्री शाह व सांसद पाटिल



अनोखा तीर, खंडवा। रविवार को शाम 7:15 पर देश की राष्ट्रपति ने मोदी को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई। नरेंद्र मोदी भारत के तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ ही देश के कई सांसदो ने भी मंत्री पद की शपथ ली मध्य प्रदेश से जिन्हें मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया है। उसमें प्रमुखता से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, धार आदिवासी लोकसभा से निर्वाचित सावित्री ठाकुर, बैतूल लोकसभा से दुर्गादास उइके, सागर से सांसद वीरेंद्र कुमार खटीक मंत्री मंत्रिमंडल में शामिल हुए हैं। रविवार को शपथ के पूर्व मध्य प्रदेश शासन में जनजाति कल्याण मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह भी शपथ विधि समारोह में भाग लेने दिल्ली पहुंचे।

दिल्ली पहुंचकर श्री शाह ने केंद्रीय मंत्री बनने जा रहे सिंधिया स्टेट के महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की एवं उन्हें मंत्री बनने पर बधाई व शुभकामना प्रेषित की। प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने सिंधिया के साथ ही मंत्री बने दुर्गादास उइके, सावित्री ठाकुर का भी दिल्ली में स्वागत करते हुए मिठाई खिलाते हुए शुभकामना दी। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा जिले की हरसुद विधानसभा जो बैतूल संसदीय क्षेत्र में आती है पहली बार क्षेत्र से केंद्र में मंत्री बने हैं, पहली बार हरसूद विधानसभा क्षेत्र से मध्य प्रदेश शासन में विजय शाह बरसों से मंत्री हैं।

वहीं केंद्र में हरसूद विधानसभा क्षेत्र का संसद के रूप में प्रतिनिधित्व करने वाले दुर्गादास उईके को भी केंद्र में मंत्री बनाया गया है। मंत्री विजय शाह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से हम विकास कार्य कर रहे हैं और शासन की योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचा रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप लगातार विधानसभा के साथ ही लोकसभा में भी इस क्षेत्र से विजय श्री हमें प्राप्त हो रही है। सौभाग्य का विषय है कि हरसूद विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश के साथ ही अब केंद्र में भी मंत्रिमंडल का दायित्व प्रदान हुआ है। जिससे हरसूद क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा। खंडवा लोकसभा क्षेत्र के रिकॉर्ड मतों से निर्वाचित लोकप्रिय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल भी दिल्ली में आयोजित शपथ विधि समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं। उन्होंने भी मंत्री बने ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ ही कई शपथ लेने वाले मंत्रियों का स्वागत करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# मोदी-शिव के शपथ ग्रहण पर भाजपा मंडल ने किया पौधारोपण



अनोखा तीर, भैरूंदा। मप्र सरकार के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस से गंगा दशहरे तक जल गंगा संवर्द्धन अभियान चलाया जा रहा है। सरकार की इस पहल का प्रमुख उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं उन्हें पुनः जीवित करना है। इसी के चलते रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के रूप में व विदिशा के सांसद शिवराज सिंह चौहान के द्वारा केबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लिए जाने पर पौधारोपण का कार्यक्रम भैरूंदा मंडल के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण का संकल्प लिया और पौधे भी रोपे। इस दौरान पूर्व निगम अध्यक्ष गुरूप्रसाद शर्मा ने पौधारोपण के महत्व को बताते हुए इसे मानव जीवन का अभिन्न अंग बताया। नप अध्यक्ष मारूति शिशिर ने पौधारोपण को आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता के रूप में निरूपित किया। मंडल अध्यक्ष धीरज पटेल ने पौधारोपण से होने वाले फायदों को गिनाया तो भाजपा नेता महेन्द्र परिहार ने कहा कि यह आज की आवश्यकता नही बल्कि हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। इस लिए पौधारोपण करने के साथ ही हमें अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना है।

# राजपूत समाज ने सर्व समाज के साथ मिलकर महाराणा प्रताप की 484 जयंती मनाई



अनोखा तीर, खातेगांव। रविवार को महाराणा प्रताप की 484वी जन्मजयंती के शुभ अवसर पर खातेगांव मे स्थित महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की अश्वरुड प्रतिमा का माल्यार्पण कर महाराणा प्रताप जयंती मनाई। राजपूत समाज के युवाओं ने महाराणा प्रताप बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया व इस शुभ अवसर पर नरेंद्र सिंह शेखावत, नरेंद्र चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह राजावत, नरेंद्र सिंह राजावत, वीरेंद्र सिंह राजावत, यशपाल सिंह शेखावत, राजकुमार सिंह राजपूत, अजय सिंह राजावत, विशाल सिंह शेखावत, रविराज सिंह शेखावत, राजपाल सिंह राजावत, रोहित सिंह शेखावत, कुलदीप सिंह शेखावत, डॉ. आरएन यादव, गोविंद गोरा, दीपक पटेल, रामनारायण साहू, ललित, शालू वर्मा, शेखर अग्रवाल एवं सभी समाज जन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री डॉ यादव ने नेमावर स्थित पंच समाधि मंदिर में किए दर्शन

-संत श्री सच्चिदानन्देन्द्र सरस्वती का लिया आशीर्वाद



प्रदीप साहू, खातेगांव। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को अल्प प्रवास पर देवास जिले के नेमावर पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने यहां जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मां नर्मदा तट के पावन नेमावर घाट पर साफ सफाई कार्यक्रम के पश्चात नेमावर घाट के समीप स्थित दंडी स्वामी आश्रम में आलोनी बाबा के शिष्य की पंच समाधि मंदिर के दर्शन और पूजन किया। उन्होंने आश्रम स्थित मंदिर में भगवान भोलेनाथ और मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के कल्याण की मंगल कामना की। उन्होंने दंडी स्वामी आश्रम में संत सच्चिदानन्देन्द्र सरस्वती से भी भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विधायक खातेगांव आशीष शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। दंडी स्वामी आश्रम पर पहुंचकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरुदेव से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आश्रम में गुरुदेव के सनिध्य में सीएम का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

# ग्राम पंचायत कवलासा में नदी एवं तालाबों का किया गहरीकरण



अनोखा तीर, खातेगांव। जनपद पंचायत खातेगांव की ग्राम पंचायत में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदी, नालों और ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जल संरचनाओं, तालाब, झील, कुंआ, बावड़ी आदि के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जनपद पंचायत खातेगांव की ग्राम पंचायत कवलासा में नदी-नालों एवं तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है तथा उनकी साफ-सफाई की जा रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले के नागरिकगणों से भी आगे बढ़कर सहभागिता करने का आग्रह किया जा रहा है। जिलाधीश एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में खातेगांव एसडीएम प्रिया चंद्रावल तहसीलदार अनिल दिवाकर जनपद सीईओ केपी राजोरिया की उपस्थिति में जल को सहने का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत कबलासा की सरपंच श्रीमती अनुसूया बाई राधेश्याम भींचर, पवन भींचर, रोजगार सहायक राजेश जाट ने बताया कि किसान लक्ष्मीनारायण सांखला, तुलसीराम जायसवाल, भगवान सिंह ठाकुर आदि किसानों द्वारा जन सहयोग से नल का गहरीकरण किया जा रहा है। समस्त ग्रामवासी इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं जल को बचाने के लिए जल गंगा अभियान में सभी लोग अपनी सहभागिता दर्ज करें यह अपील ग्राम पंचायत सरपंच ने ग्रामीण जनों से की। विकासखण्डों में तालाब, बावड़ी गहरीकरण, नदी, नालों और ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जल संरचनाओं के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए गांव में अभियान चलाकर कार्य किया जा रहा है।



# प्राचीन रामेश्वर कुंड की सफाई कर किया जीवंत

अनोखा तीर, खंडवा। जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत शहर के कुएं, बावड़ी एवं तालाबों का जीर्णोद्धार करने का नगर निगम सतत प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को रामेश्वर कुंड स्थित बावड़ी एवं कुंड के आस पास साफ सफाई करके जल स्त्रोतों का उन्नयन कार्य एवं बाउंड्री में पेंटिंग का कार्य प्रारंभ किया। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, राजेश यादव, अनिल वर्मा, राजेश तिवारी, सुनील जैन, सुधीर साकल्ले, प्रदीप यादव, संजय राणा, दिलीप दशोरे, उपायुक्त जाकिर जाफरी, प्रदीप जैन, संजय शुक्ला, गौरव खरे, संतोष पांडे, एचआर पांडे, अजय गीते, भुवन श्रीमाली, इंदौर मंडलोई, मनोज वैष्णव एवं नगर निगम खंडवा के अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ दादाजी ग्रुप ने श्रमदान कर प्राचीन कुंड की सफाई में हिस्सा लिया।

## न्यूज ट्रेक

### आयशर वाहन पलटा, हादसे में एक युवक की मौत, आठ घायल



**अनोखा तीर, देवास।** शहर के विकास नगर क्षेत्र में ओवरटेक करने में एक आइसर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार करीब आठ यात्रियों को चोट लगी है। हादसे के बाद सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां सभी का उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार आइसर वाहन में करीब 12 से 15 मजदूर व उनके बच्चे सवार थे जो तुमड़ावदा गांव में किसी की व्यक्ति के मकान की छत भरकर देवास लौट रहे थे तभी एक अन्य आइसर वाहन को ओवर टेक करने में एक वाहन विकास नगर में पलट गया। हादसे में मंजिला पिता तोलिया ( 5 ) निवासी बीमा रोड,अर्जुन पिता नानू राम 25 साल निवासी बीमा रोड, सीमा पति अर्जुन ( 21 ) निवासी बीमा रोड, सविता पति थावरिया निवासी बीमा रोड, राकेश पिता दिनेश ( 50 ) निवासी बीमा रोड, नारायण पिता हिंदू निवासी हीरली घायल हुए है। जबकि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### महाराणा प्रताप एवं शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर मराठा समाज ने किया माल्यार्पण



**अनोखा तीर, देवास।** क्षत्रिय मराठा समाज पब्लिक ट्रस्ट लक्ष्मीपुरा की नवीन कार्यकारिणी द्वारा रविवार को भारत के वीर योद्धा महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यकारिणी अध्यक्ष सुभाष शिंदे एवं सचिव किरण वर्पे ने बताया कि भोपाल चौराहा स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर समाजजनों ने माल्यार्पण कर उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। तत्पश्चात समाजजनों ने शिवाजी पार्क जाकर शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। इस अवसर पर ट्रस्टी अध्यक्ष प्रमोद जाधव, राजेन्द्र खानविलकर, मधुकर राव भंवर, उमेश निम्बालकर, समरजीत जाधव, संतोष सांवत सहित समाजजन उपस्थित थे।

**सर्व समाज विकास मंच ने महाराणा प्रताप जयंती पर किया माल्यार्पण** – जय माँ भवानी क्षत्रिय राजपूत उत्थान संघ एवं सर्व समाज विकास मंच द्वारा आज 9 जून को महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच संयोजक एवं राजपूत उत्थान संघ अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि सर्वसमाज के लोगों ने महाराणा प्रताप के पदचिन्हों पर चलने की शपथ ली एवं ऊंच-नीच, सामाजिक भेदभाव समाप्त कर सभी समाज को मिलकर राष्ट्र की उन्नति में सहयोग करने की शपथ ली। भोपाल चौराहा स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर माखन सिंह राजपूत, प्रमोद राव जाधव, संजय शुक्ला, सोनू पंजाबी, सुभाष शिंदे, किरण वर्पे, हुकूम सिंह पवार, अमित विजयवर्गीय, ओम जायसवाल, दीपक मालवीय, राजकुमार सिंह ठाकुर, जीवन पांचाल, बीएम सिंह, अभिषेक सिंह राठौड़, रामकृपाल सिंह तोमर, पुरूषोत्तम सिंह सिसोदिया, सुभाष शर्मा, बलराम बना, रमेश सिंह सेंगर, त्रिभुवन सिंह सहित क्षत्रिय मराठा समाज की समस्त कार्यकारिणी के साथ समाजजन व सर्व समाज विकास मंच के लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी हेमेन्द्र सिंह जादौन ने दी।

# घुड़दौड़ प्रतियोगिता में शक्ति सिंह की घोड़ी जोधा रही प्रथम



- 31 घुड़सवारों ने लिया हिस्सा



**अनोखा तीर, देवास।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाराणा प्रताप उत्सव समिति एवं समस्त क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा महाराणा प्रताप की जयंती पर घुड़दौड़ प्रतियोगिता आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन समिति के धर्मेन्द्र सिंह बैस ने बताया कि महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में असवार महान साहसी एवं फुर्तीले घोड़े चेतक को समर्पित घुड़दौड़ प्रतियोगिता भोपाल बायपास सेंटर इंडिया स्कूल के सामने 9 जून को शाम 4 बजे से प्रारंभ हुई। तीन घंटे तक चली इस प्रतियोगिता में 31 घुड़सवारों ने हिस्सा लिया। आयोजन के मुख्य अतिथि महाराज विक्रम सिंह पवार, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, राजेन्द्र सिंह बैस, प्रेसक्लब अध्यक्ष अतुल बागलीकर, विजय पंडित, भारतसिंह पटलावदा, रामेश्वर दायमा, गणेश पटेल, मण्डल अध्यक्ष सचिन जोशी, नवीन सोलंकी, राहुल पाटीदार, पार्षदद्वय बाबू यादव, राहुल दायमा, विजय सिंह पवार आदि थे। अतिथियों का स्वागत आयोजक धर्मेन्द्र सिंह बैस ने भगवा दुपट्टा ओढ़ाकर किया। निर्णायक मण्डल में अमृतसिंह राजपूत, जगदीश चौधरी, गुरूदत्त शर्मा, युसूफ भाई घोडी वाले एवं सौदान सिंह परिहार रहे। प्रतियोगिता पांच चरण में हुई। छठवां चरण फाइनल हुआ। जिसमें से विजेता प्रतिभागी सामने निकलकर आए। प्रतियोगिता में शक्ति सिंह दरबार पटलवादा की घोड़ी जोधा प्रथम, राजेश यादव ब्यावरा बरखेडा घोडी सपना द्वितीय, विजय सिंह दरबार पटलावदा का लाल बादशाह घोडा तृतीय रहा। अतिथि श्रीमंत पवार विक्रम सिंह पवार द्वारा प्रथम विजेता को 7001, द्वितीय को 5001 एवं तृतीय विजेता को 2100 रुपए की राशि भेंटकर सम्मान किया। तीनों विजेताओं को हम्माल एसोसिएशन अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह ठाकुर वीरू की और से शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी आयोजन समिति के गुरूदत्त शर्मा ने दी। कार्यक्रम का संचालन प्रिंस सिरोनिया ने किया।

# कोतवाली व मंडी पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाही कर पकड़ा, 27.50 लाख का जुआ



**अनोखा तीर, सिहोर।** मुख्यमंत्री के निर्देशो के पालन में अवैध सट्टा जुआ पर कार्यवाही करते हुए सीहोर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर निरंजन सिंह राजपूत के नेतृत्व में कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश दुबे व मंडी थाना प्रभारी माया सिंह की टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना पर ग्राम मुडला के पास स्थित फार्म हाउस पर रेड मारी गई। जिसमें 12 व्यक्ति रुपए पैसों पर हार जीत का दाव लगाते हुए जुआ खेलते हुए पकड़े गए। जिनके पास से 27 लाख 50 हजार रुपए नगदी, 16 मोबाइल फोन, तीन चार पहिया वाहन सहित कुल 60 लाख का मशरूका बरामद किया गया।

**पकडे गए आरोपी** –आरोपीगण जिसमें मनोज पिता मदनलाल उम्र 50 साल निवासी नसरुल्लागंज सीहोर, बृजेश यादव पिता इंदु सिंह यादव उम्र 50 साल निवासी नोसराबाद देवास, संदीप दुबे पिता अशोक दुबे उम्र 40 साल निवासी नसरुल्लागंज सीहोर, अकाक अली पिता मुस्ताक अली उम्र 38 साल निवासी भानपुर भोपाल, प्रवीण शर्मा पिता आर एस शर्मा उम्र 34 साल निवासी भोपाल, नासिर कुरैशी पिता ममतु कुरैशी उमर 36 साल निवासी बड़ा दरवाजा आष्टा, जोएब पिता अब्दुल सफीक उम्र 38 साल निवासी मक्सी शाजापुर, योगेश अग्रवाल पिता लाल कृष्ण अग्रवाल उम्र 44 साल निवासी खिड़किया छिपावर हरदा,नवीन शर्मा पिता रमाशंकर शर्मा उम्र 46 साल निवासी नसरुल्लागंज सीहोर, शेर खान पिता इशाक खान उम्र 29 साल निवासी बिछोर थाना घटिया जिला उज्जैन, कुरलेश खान पिता यकत खान उम्र 34 साल निवासी बिछोड थाना घटिया जिला उज्जैन, इब्राहिम कुरैशी उम्र 55 साल निवासी शिवाजी नगर हबीबगंज भोपाल।

**अपराधिक रिकॉर्ड** –

गिरफ्तार आरोपी नवीन शर्मा पिता रमाशंकर शर्मा उम्र 46 साल निवासी नसरुल्लागंज सीहोर के विरुद्ध प्रारंभिक जांच में थाना आष्टा एवं थाना रेहटी में पूर्व में जुऐ सट्टे के अपराध होना पाया गया है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका** – सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत, निरीक्षक गिरीश दुबे थाना प्रभारी, कोतवाली निरीक्षक माया सिंह, थाना प्रभारी मंडी उप निरीक्षक मनोज मालवीय, सउनि सुभाष यति, प्रधान आरक्षक महेंद्र मेवाड़ा, प्रधान आरक्षक पंकज यादव, प्रधान आरक्षक महेंद्र रविदास, प्रधान आरक्षक राजेश तिवारी, आरक्षक चंद्रभान सेन, आरक्षक सतीश, आरक्षक संदीप मेवाड़ा, आरक्षक दिलीप, आरक्षक विष्णु भगवान की सराहानीय भूमिका रही।

### मां शारदा ज्योतिष धाम द्वारा ज्योतिष वास्तु अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन का उद्घाटन

**अनोखा तीर, देवास।** 9 जून को दोपहर 12 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ धर्मगुरू एचएस रावत, मानवेन्द्र रावत, अजय भांभी, आयोजक पं. दिनेश गुरूजी, अध्यक्ष डिम्पल शर्मा, महासचिव अजय कुमार सोनी, महासचिव प्रकाश चव्हाण, गौरव तिवारी, राजपुरोहित राज्यमंत्री योगेन्द्र महंत, हितेन्द्र शुक्ला, पं. अजय शास्त्री भागवताचार्य, फेस रीडर प्रदीप भावसार, सम्मेलन प्रभारी पं. राकेश पांडे महापौर गीता अग्रवाल, दुगेश अग्रवाल की उपस्थिति में मां शारदा ज्योतिष धाम द्वारा ज्योतिष वास्तु अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन का उद्घाटन हुआ। सम्मेलन में विभिन्न शहरों एवं प्रदेशों के ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुविदों ने हिस्सा लिया।



# जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत चलाया जा रहा है अभियान

**अनोखा तीर, देवास।** नगर निगम द्वारा शासन की योजना जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निरंतर कार्य किया जा रहा है जिसमें कुंआ बावड़ी की सफाई तथा पानी संचय को लेकर रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम घरों पर लगवाए जा रहे हैं तथा जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता रैली निकाली जा रही है। पानी संचय को लेकर निगम द्वारा कलश यात्रा 9 जून रविवार को निकाली गई। जिसमें व्यर्थ पानी न बहाए पानी का संचय करें, इस अभियान में नगर निगम देवास द्वारा आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन मिशन अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन महिला बाल विकास विभाग से एवं नगर निगम की महिला अधिकारी एवं कर्मचारी के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ महापौर गीता अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया। कलश यात्रा में निगम उपायुक्त देववाला पीपलोनिया, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा दिनेश चौहान, कार्यालय अधीक्षक अशोक देशमुख, उपयंत्री दिलीप मालवीय, विजयता पंद्रे, करुणा दसोरिया, भूमिका जैन, रचना, विकास शर्मा, नारायण श्रीवास, विशाल जोशी, अरुण तोमर, ताराचंद चौधरी, शैलेश, रहिस शेख, संतोष, नितिन, नितेश , समस्त स्टाफ सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलश यात्रा नगर निगम प्रांगण से शहर में होती हुई मल्हार स्मृति ऑडिटोरियम में समापन हुआ। विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि श्री अग्रवाल ने अपील की है कि व्यर्थ में पानी न बहाए पानी का सदुपयोग करें पानी का संचय करें तथा अपने घरों पर रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम पानी संचय के लिए अवश्य लगवाए।

### गौतस्करी व गोकशी की बढती घटनाओं के विरोध में विहिप बजरंग दल का ज्ञापन आज

**अनोखा तीर, देवास।** आगामी दिनों से देवास जिले सहित मध्यप्रदेश के कई जिलों में आए दिन गौतस्करी और गोकशी की घटनाएं हो रही है। जिससे संपूर्ण हिंदू समाज आक्रोश व्याप्त है। इस पर लगाम लगाने हेतु कडे कानून बनाने एवं विभिन्न मांगों को लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के गौरक्षा विभाग ने द्वारा मप्र प्रत्येक जिले में 10 जून ज्ञापन दिया जाएगा। इसी तारतम्य में देवास में भी 10 जून, सोमवार को विहिप बजरंग दल द्वारा एक संयुक्त आंदोलन कर कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम प्रात: 10.30 बजे ज्ञापन दिया जाएगा। ज्ञापन के लिए संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भोपाल चौराहा पर एकत्रित होंगे। संगठन ने समस्त गौभक्त, हिंदू सनातनी युवाओं से इस आंदोलन व ज्ञापन में उपस्थित होकर गौतस्करी और गौकशी की घटनाओं को रोकने में सहयोग करने की अपील की है।

# क्षिप्रा को शुद्ध एवं निर्मल बनाने के लिए हमें प्रयास करना हैं : कलेक्टर

### क्षिप्रा नदी के दोनों किनारों पर से दो सप्ताह में सख्ती से हटाए अतिक्रमण

**अनोखा तीर, देवास।** क्षिप्रा के जल को साफ-स्वच्छ, शुद्ध एवं निर्मल बनाने के लिए हम सबको प्रयास करना होंगे। यह प्रयास हमें निरंतर करते रहें, जब तक कि क्षिप्रा का जल स्वच्छ, निर्मल ना हों जाएं। अगर क्षिप्रा साफ एवं स्वच्छ रहेगी तो कभी भी पीने के पानी की समस्या नहीं रहेगी। उक्त निर्देश कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने रविवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान एवं रुफ रैन हार्वेस्टिंग के संबंध में आयोजित बैठक में कही। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, एसडीएम बिहारी सिंह, तहसीलदार श्रीमती सपना शर्मा, सीईओ जनपद पंचायत देवास श्रीमती हेमलता शर्मा, जिला समन्वयक सुनील सुमन, सरपंचगण, पटवारीगण, ग्राम पंचायत सचिव, उपमंत्री, जीआरएस सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि क्षिप्रा नदी के दोनों किनारों के 104 गांवों जहां कहीं भी अतिक्रमण हों दो सप्ताह भीतर सख्ती से हटाएं तथा उसकी जानकारी भी प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि जिले में जहां भी पेयजल के स्त्रोत हैं, उन्हें जल गंगा सवंर्धन अभियान के तहत दुरूस्त करें। उन्होंने जिले के अन्य नदी एवं नालों से अतिक्रमण हटाने के लिए सीमांकन का कार्य करने और नालो के दोनों और 50-50 मीटर तक पौधा रोपण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने क्षिप्रा शुद्धिकरण एवं क्षिप्रा में मिल रहे नालों की सफाई और संरक्षण हेतु क्षिप्रा नदी किनारे पौधे लगाएं तथा पौध रोपण अभियान में ग्रामीणजनों की सहभागिता सुनिश्चित करें।

**जल गंगा संवर्धन अभियान में नदी, नालों, तालाबों एवं कुएं-बावड़ियों का गहरीकरण साफ-सफाई व की जाएं** – बैठक में कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदी, नालों और ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जल संरचनाओं, तालाब, झील, कुंआ, बावड़ी आदि के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए संपूर्ण जिले में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में जल संरचनाओं, तालाब, झील, कुंआ, बावड़ी आदि के संरक्षण की साफ-सफाई की जाएं तथा गहरीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएं। उन्होंने कहा कि अगर जल संरचनाओं को व्यवस्थित कर लिया जाएगा तो निश्चित ही वाटल लेवल भी बढ़ेगा तथा पेयजल की समस्या से निजात भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' में जिले के नागरिकगणों को भी जोड़े। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जिले के अन्य नदी व नाले में जल प्रवाह बना रहे, इसलिए नाले के आसपास से अतिक्रमण हटाए। नदी-नाले एवं तालाब का गहरीकरण और चौड़ीकरण करें। नाले के दोनों ओर पौधारोपण करें। नाले पर स्टॉप डेम बनाए और बोरी बंधान का कार्य करें।

**रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम से पानी का संचय करें : कलेक्टर श्री गुप्ता** – कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि हम पानी बचाने के लिए रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए, रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम से पानी का संचय करें। जिला प्रशासन द्वारा बरसात के जल को सहेजने का कार्य किया जा रहा है। जिले के सभी नागरिक इस अभियान में आगे आए और बरसात के जल को सहेजने के लिए रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए। उन्होंने सभी सरपंचों से कहा कि वे अपने-अपने गांवों कम से कम 50-50 रूफ रैन हॉर्वेस्टिंग सिस्टम लगाएं। साथ ही पंचायत कार्यालयों, स्कूलों एवं अन्य शासकीय भवनों पर भी रूफ रैन हॉर्वेस्टिंग लगाएं।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि बरसात का पानी रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से जमीन में उतारें। रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कम लागत में लग जाता है और इसका संधारण करना भी सरल है। उन्होंने कहा कि यदि बरसात का पानी रैन वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक के माध्यम से जमीन में उतारेंगे तो निश्चित भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। ट्यूबवेल के पानी की हार्डनेस भी कम हो जाएगी, क्योंकि बरसात का पानी सॉफ्ट है। यही बारिश का पानी बहकर सड़कों तक नहीं पहुंचेगा तो शहर में बरसात के मौसम में जल भराव की समस्या नहीं होगी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि बोरिंग नहीं है तो घर में गड्ढा खोदकर पानी की टंकी बनाकर संग्रह कर सकते है। इसके आलावा प्लास्टिक की पानी की टंकी में पानी स्टोर कर सकते है। किसान खेत की मेढ़ पर गड्ढा खोदकर टंकी बनाकर पानी

# चकल्दी व लाड़कुई मे बर्बादी की कगार पर वन





**अनोखा तीर, भैरुंदा।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के क्षेत्र बुधनी में इस समय वनों की अवैध कटाई का मुद्दा जोरो पर है। जिस तरह से बन माफिया हरे भरे जंगलों को साफ कर खेती में तब्दील करते जा रहे हैं। उससे पर्यावरण अभियान को झटका लग रहा है। एक तरफ तो सरकार ने पर्यावरण संरक्षण सहित पुराने जल स्त्रोतों को रिचार्ज करने के लिए अभियान चलाया है। दूसरी ओर अवैध वन कटाई ने सरकार के अभियान पर पलीता लगा दिया है। वनों की कटाई के मामले में दोषी कौन है इस बात का पता लगाना भी मुश्किल है। क्षेत्र में वन विभाग और वन विकास निगम दोनों ही कार्यरत है। वनों की कटाई का सिलसिला क्षेत्र में बदस्तूर जारी है। लेकिन दोनों ही विभाग कटाई को लेकर यह कहते हुए देखे जाते हैं कि हमारे परिक्षेत्र में अवैध कटाई नहीं होती। जबकि वन विभाग के द्वारा प्रतिदिन अवैध लड़कियों का परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने का सिलसिला जारी है। ऐसे में इस बात में कोई संदेह नहीं की वनों की कटाई तो कम होने की वजाय लगातार बड़ी है। यह तो स्पष्ट है कि बीते 15 से 20 वर्षों में वनों की कटाई, जंगल परिक्षेत्र के रकबे मे कमी, खेती के रकबे में वृद्धि जैसे हालात निर्मित हुए हैं। इन वर्षों में वनों का विनाश रोकने के प्रयास नहीं हुए जिसका नतीजा यह है कि साल दर साल तापमान में वृद्धि देखने को मिल रही है।

**निगम क्षेत्र के लोह पठार के जंगलों से रात के अंधेरे में आती है बेशकीमती सागौन** – जानकारी के मुताबिक इस समय वन विकास निगम क्षेत्र के लोह पठार के जंगलों से रात के अंधेरे में बेशकीमती सागौन का परिवहन किया जाता है। जो महादेव बेदरा, चतरकोटा होते हुए पहुंचाई जाती है। लगभग 15 वर्ष पूर्व वन विकास निगम का गठन होने के बाद उपवन परिक्षेत्र चकल्दी के अंतर्गत आने वाली चतरकोटा कोठरा, आमझिरी बीट वनविकास निगम में चली गयी थी। वन विभाग और वन विकास निगम तो अलग-अलग विभाग होने के कारण लकड़ी चोरों के हौसले और अधिक बुलंद हो गए। दोनों ही विभागों के कर्मचारी अलग होने से वह केवल अपनी बीट पर ही ध्यान देने लगे। जिसका नतीजा यह हुआ कि यहां पर जंगल नहीं बल्कि अब खाली मैदान दिखाई दे रहा है। सूत्र यह भी बताते हैं कि वन विकास निगम की बीट में कार्यरत नाकेदार जो इसी क्षेत्र में निवास करता है उसकी मिली भगत से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

**सोशल मीडिया का उपयोग, ग्रुप पर देते हैं एक दूसरे को जानकारी** –विज्ञान के इस युग में सोशल मीडिया का उपयोग वन माफिया करने में भी नहीं चूक रहे। माफियाओं के द्वारा सोशल मीडिया पर अपना एक ग्रुप तैयार कर रखा है। इस दौरान वन विभाग की जो भी कार्यवाही होती है या होने वाली रहती है उसकी जानकारी ग्रुप के माध्यम से पहले ही पहुंच जाती है। जिससे वन माफिया सतर्क हो जाते हैं और कार्रवाई से पहले ही मौके से गायब हो जाते हैं। माफियाओ को इसकी जानकारी वकायदा विभाग के कर्मचारी ही उपलब्ध कराते हैं। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि इस मामले में रेहटी वन परिक्षेत्र के नातेदारों की संलिप्त भी बनी हुई है।

**अवैध परिवहन के लिए अति संवेदनशील क्षेत्र** – चकल्दी वन परिक्षेत्र पूर्व से ही इमारती लकड़ियों के अवैध परिवहन के लिए अति संवेदनशील क्षेत्र है उसके बावजूद भी यहां पर स्टाफ का अभाव बना हुआ है। यहां वर्तमान में केवल तीन स्टाफ मौजूद है जिम दो डिप्टी रेंजर बनिया गांव एवं चकल्दी बीट में तथा एक नाकेदार मौजूद है। बरसों से यहां चौकीदार की पद स्थापना भी नहीं हुई। नतीजा यह है कि वन माफिया अन्य बीट के कर्मचारियों से मिली भगत कर आसानी के साथ वनों का दोहन कर रहे हैं।

**वन भूमि में अवैध उत्खनन, कारण बताओं नोटिस भी शोपीस** – वन परिक्षेत्र लाड़कुई अंतर्गत सबरेंज नयापुरा की बीट सनकोटा सिराड़ी के मध्य वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन की शिकायत ग्रामीणों किए जाने के बाद एसडीओ बुधनी सुकृति औसवाल ने जांच के आदेश रेंजर प्रकाश चंद्र उइके को दिए गए थे। इस दौरान शरद रंजन ब्रजधर कार्यवाहक वनपाल परिक्षेत्र सहायक नयापुरा, राहुलदेव सुमन वनरक्षक वीटगार्ड सनकोटा,अमरसिंह रावत वनरक्षक वीटगार्ड सिराडी को 11/05/2024 को कारण बताओ नोटिस जारी हुए थे। लेकिन इस मामले में भी कोई कार्यवाही नहीं हो सकी।

**जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने वालों पर मेहरबानी क्यों** – वनों की विनाश का मुद्दा इस समय महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में वनों का संरक्षण करने वाले जिन जिम्मेदारों के द्वारा आंखों पर पट्टी बांधकर मुंह मोड़ लिया जाता है उन पर विभाग मेहरबानी क्यों करता है। वन विकास निगम के वन क्षेत्र भिलाई, मोगराखेड़ा, सिराली, सिंहपुर मे लगातार वनो की कटाई व अवैध रूप से वन भूमि पर कब्जे के कई मामले देखे जा रहे है। इसके बावजूद भी कार्यवाही को लेकर सिर्फ दिखावा ही नजर आ रहा है।

# ओडिशा में हार के बाद वीके पांडियन का राजनीति से संन्यास

- बीजेडी चीफ नवीन पटनायक के सबसे खास सिपाही ने डाले हथियार

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के सहयोगी और पूर्व आईएएस ऑफीसर वीके पांडियन ने राजनीति से संन्यास लेने का ऐलान किया। एक वीडियो शेयर कर पांडियन ने कहा कि वह सक्रिय राजनीति छोड़ रहे हैं। उनका यह फैसला तब आया जब ओडिशा में बीजेडी को करारी हार मिली है। राजनीति छोड़ने के बारे में बोलते हुए वीके पांडियन ने वीडियो में कहा, राजनीति में मेरे आने का मकसद केवल और केवल नवीन पटनायक को सहयोग करना था। इसलिए मैंने निर्णय लिया है कि मैं सक्रिय



राजनीति से सन्यास ले लूं। पिछले साल नवंबर में सिविल सेवा छोड़कर बीजेडी में शामिल हुए पांडियन ने वीडियो संदेश में कहा कि वह एक साधारण परिवार और एक छोटे से गांव से आते हैं। उन्होंने कहा कि उनका बचपन का सपना आईएएस में शामिल होकर लोगों की सेवा करना था। पांडियन ने कहा, जिस दिन से मैंने ओडिशा की धरती पर कदम रखा, मुझे ओडिशा के लोगों से अपार प्यार और स्नेह मिला है। मैंने पूरे राज्य के लोगों के लिए बहुत मेहनत करने की कोशिश की है। वीके पांडियन ने कहा कि नवीन पटनायक के लिए काम करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि यदि बीजेडी सत्ता में वापस आती तो नवीन पटनायक देश के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री बनने की उपलब्धि हासिल कर लेते। पांडियन ने वीडियो संदेश में कहा, मुझे जो अनुभव और सीख मिली है, वह जीवन भर के लिए है।

# चचेरे भाई ने अपने साथियों के साथ मिलकर दिया चोरी की घटना को अंजाम

**10 लाख 48 हजार रुपये की चोरी के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**अनोखा तीर, इटारसी।** शहर के बंगाली कालोनी में रहने वाले स्वर्णकार मनोज अंकुलवासी की सराफा बाजार स्थित सोने के आभूषण बनाने वाली दुकान में चोरी करने वाला उसका चचेरे भाई प्रबीन निकला।आरोपी ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर 10 लाख 48 हजार रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना के 24 घंटे के भीतर सिटी पुलिस ने चारों आरोपियों को चोरी के आभूषण एवं 48 हजार रुपये नगद के साथ गिरफ्तार किया है। इस सबंध में टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। उन्ही के कुशल निर्देश पर घटना की बारीकी से जांच शुरू की गई। सिटी थाने की अनुभवी टीम को चोरी के आरोपियों की तलाश करने के लिये जिम्मेदारी सौपी गई। घटना के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर गभीरता से ध्यान देते हुये पुलिस ने जांच शुरू की। आखिरकार घटना के 24 घण्टे के भीतर ही टीम को बेहतर सफलता मिली और घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने खोज निकाला। आरोपियों के पास से पुलिस ने 140 ग्राम सोने के आभूषण जिसकी कीमत 10 लाख रुपये है और 48 हजार रुपये नगद बरामद किये है। घटना का मुख्य



आरोपी प्रबीन है जो फरियादी मनोज का चचेरा भाई है। जिसने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। आरोपियों प्रबीन, रूपेश उर्फ रोहित, शिवम चौहान के साथ एक नाबालिक भी शामिल है। तीनों आरोपियों को इटारसी न्यायालय में और नाबालिक को किशोर न्यायालय नर्मदापुरम में पेश किया गया है।

## जेब से दुकान की चाबी चोरी कर दिया घटना को अंजाम

टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि फरियादी का चचेरे भाई आरोपी प्रबीन को पता था कि मनोज पेंट को जेब में दुकान की चाबी रखता है।उसी का फायदा आरोपी ने उठाया और मौका पाकर रात में फरियादी की छत से घर मे प्रवेश कर जेब से चाबी निकालकर सराफा बाजार पहुँचा।आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुकान का ताला खोलकर आभूषण एवं नगदी पर हाथ साफ कर पुन : फरियादी की जेब में छत से जाकर चाबी रख आया। पुलिस ने इस घटना के हर पहलू पर ध्यान देते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की।जिसके आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका टीआई गौरव बुंदेला, एएसआई संजय रघुवंशी, प्रधान आरक्षक अशोक चौहान, भागवेन्द्र परिहार, भूपेश मिश्रा, आरक्षक हरीश डिगरसे, राजेश पवांर, सायबर सेल में पदस्थ आरक्षक अभिषेक नरवरिया, आकाश बारस्कर, जितेंद्र नरवरे, अभिनाशी एवं गजेन्द्र शामिल है।

## मोदी कैबिनेट की सूची

| मंत्री का नाम | रैंक | सर्बानंद सोनोवाल | कैबिनेट मंत्री | जी किशन रेड्डी | कैबिनेट मंत्री | नित्यानंद राय | राज्य मंत्री | सतीश चंद्र दुबे | राज्य मंत्री |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजनाथ सिंह | कैबिनेट मंत्री | डॉ वीरेंद्र कुमार | कैबिनेट मंत्री | चिराग पासवान | कैबिनेट मंत्री | अनुप्रिय पटेल | राज्य मंत्री | संजय सेठ | राज्य मंत्री |
| अमित शाह | कैबिनेट मंत्री | राममोहन नायडू | कैबिनेट मंत्री | सीआर पाटील | कैबिनेट मंत्री | वी सोमन्ना | राज्य मंत्री | रावनीत सिंह बिट्टू | राज्य मंत्री |
| नितिन गडकरी | कैबिनेट मंत्री | प्रल्हाद जोशी | कैबिनेट मंत्री | राव इंद्रजीत सिंह | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार | चंद्रशेखर पेम्मासानी | राज्य मंत्री | दुर्गा दास उइके | राज्य मंत्री |
| जेपी नड्डा | कैबिनेट मंत्री | जुएल ओरांव | कैबिनेट मंत्री | जितेंद्र सिंह | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार | एसपी सिंह बघेल | राज्य मंत्री | रक्षा निखिल खडसे | राज्य मंत्री |
| शिवराज सिंह चौहान | कैबिनेट मंत्री | गिरिराज सिंह | कैबिनेट मंत्री | अर्जुन राम मेघवल | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार | शोभा करांदलाजे | राज्य मंत्री | सुकांता मजूमदार | राज्य मंत्री |
| निर्मला सीतारमण | कैबिनेट मंत्री | अश्वनी वैष्णव | कैबिनेट मंत्री | प्रतापराव जाधव | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार | कीर्तिवर्धन सिंह | राज्य मंत्री | सावित्री ठाकुर | राज्य मंत्री |
| सुब्रह्मण्यम जयशंकर | कैबिनेट मंत्री | ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया | कैबिनेट मंत्री | जयंत चौधरी | राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार | बनवारी लाल वर्मा | राज्य मंत्री | तोखन साहू | राज्य मंत्री |
| मनोहर लाल | कैबिनेट मंत्री | भूपेंद्र यादव | कैबिनेट मंत्री | जितिन प्रसाद | राज्य मंत्री | शांतनु ठाकुर | राज्य मंत्री | डॉ राजभूषण निषाद | राज्य मंत्री |
| हरदनहल्ली देवगौड़ा कुमारस्वामी | कैबिनेट मंत्री | गजेन्द्र सिंह शेखावत | कैबिनेट मंत्री | श्रीपद यशो नाइक | राज्य मंत्री | सुरेश गोपी | राज्य मंत्री | भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा | राज्य मंत्री |
| पीयूष गोयल | कैबिनेट मंत्री | अन्नपूर्णा देवी | कैबिनेट | पंकज चौधरी | राज्य मंत्री | एल मुरुगन | राज्य मंत्री | हर्ष मल्होत्रा | राज्य मंत्री |
| धर्मेंद्र प्रधान | कैबिनेट मंत्री | किरेन रिजिजू | कैबिनेट मंत्री | कृष्णपाल गुर्जर | राज्य मंत्री | अजय टम्टा | राज्य मंत्री | निमुबेन जयंतीभाई बांभानिया | राज्य मंत्री |
| जीतन राम मांझी | कैबिनेट मंत्री | हरदीप सिंह पुरी | कैबिनेट मंत्री | रामदास आठवले | राज्य मंत्री | बंडी संजय कुमार | राज्य मंत्री | मुरलीधर मोहोल | राज्य मंत्री |
| राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) | कैबिनेट मंत्री | डॉ मनसुख मंडाविया | कैबिनेट मंत्री | रामनाथ ठाकुर | राज्य मंत्री | कमलेश पासवान | राज्य मंत्री | जॉर्ज कुरियन | राज्य मंत्री |
| | | | | | | भागीरथ चौधरी | राज्य मंत्री | | |

# एमपी-यूपी समेत 7 राज्यों में अभी और तपाएगा सूरज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में हीटवेव का सिलसिला लगातार जारी है। शनिवार (8 जून) को 6 राज्यों- हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात की 35 जगहों का तापमान 42 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश का प्रयागराज 45.2ए सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म रहा। उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा के कुछ



स्थानों में रविवार से अगले 5 दिन तक हीटवेव चलने की संभावना है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिन में तापमान में 3 से 5 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, उत्तर भारत में पड़ रही गर्मी के बीच रविवार (9 जून) को मानसून मुंबई पहुंच गया। इसके यहां पहुंचने की अनुमानित तारीख 11 जून थी।

## मुंबई में 2 दिन पहले ही पहुंच गया मॉनसून, झमाझम बरसे बदरा

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में मानसून ने दस्तक दे दी है। रविवार की सुबह मुंबई में मानसून की पहली बारिश हुई। मेगा सिटी के काफी इलाकों में भारी बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में पिछले 24 घंटों में अच्छी बारिश रिकॉर्ड की गई है। बारिश से पारा नीचे आया है। लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।

# मोदी सरकार 3.0 का एजेंडा सेट, 100 दिन का टारगेट

**शपथ लेने वाले संभावित मंत्रियों संग पीएम ने की लंबी मीटिंग**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ रविवार शाम को ले ली है। शाम सवा सात बजे हुए शपथ ग्रहण समारोह में अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। मोदी 3.0 कैबिनेट का हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, बंदी संजय, रवनीत सिंह बिट्टू जैसे नए चेहरे भी हिस्सा बने हैं। शपथ लेने से पहले पीएम मोदी ने रविवार दोपहर को प्रधानमंत्री आवास पर



संभावित नए मंत्रियों के साथ अहम बैठक की और अगली सरकार एजेंडा सेट कर दिया। सूत्रों के अनुसार, पीएम आवास पर चाय के लिए बुलाए गए वही नेता थे, जोकि आज मंत्री बनने वाले थे। लगभग एक घंटे तक चली बैठक में पीएम मोदी ने सभी संभावित मंत्रियों को संबोधित किया। सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट के संभावित मंत्रियों के साथ बैठक करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 100 दिनों के एजेंडे पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने बैठक में कहा कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है। सूत्रों का कहना है कि अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, अश्विनी वैष्णव, निर्मला सीतारमण और मनसुख मंडाविया जैसे वरिष्ठ पार्टी नेताओं को नई सरकार में शामिल किया गया है। सूत्रों ने कहा कि शिवसेना के प्रतापराव जाधव, भाजपा के सीआर पाटिल भी मंत्री बने हैं।

# मेरठ में 50 लाख की फिरौती न मिलने पर मासूम की हत्या

- दंपति समेत 4 आरोपी गिरफ्तार, जमीनी विवाद बताई जा रही वजह



**मेरठ (एजेंसी)।** मेरठ में पचास लाख की फिरौती के लिए दिनदहाड़े 6 साल के मासूम का किडनैप कर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गन्ना के खेत से मासूम बालक का शव बरामद किया है। घर के बाहर से खेलते समय मासूम गायब हुआ था। पीड़ित परिवार ने पड़ोस की महिला पर बच्चा गायब करने का शक जाहिर किया था। गिरफ्तार हुए दंपति ने पुलिस पूछताछ में मासूम की हत्या का बात कबूली ली है।

# कश्मीर को लेकर सियासत पाकिस्तानी-चीनी भाई-भाई

**भारत के खिलाफ दोनों देशों ने फिर उगला जहर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के साथ अब चीन भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। दोनों ही देशों ने शनिवार को दक्षिण एशिया में कश्मीर सहित सभी लंबित मुद्दों के समाधान के लिए किसी भी एकतरफा कार्रवाई का विरोध किया है। चीन की यात्रा पर पहुंचे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर की स्थिति से चीनी नेतृत्व को अवगत कराया। दोनों देशों ने अपनी सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय को लेकर भी चर्चा की। शरीफ की चार दिवसीय चीन यात्रा संपन्न हो गई है। मार्च में दोबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी यह पहली चीन यात्रा थी। इस यात्रा के दौरान शरीफ का ध्यान चीनी निवेश और सहायता को बढ़ाने पर था, क्योंकि उनका देश गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। यात्रा



के अंत में एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया। इसमें कहा गया, ''दोनों पक्ष दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व, सभी लंबित विवादों के समाधान की आवश्यकता तथा किसी भी एकतरफा कार्रवाई के विरोध को रेखांकित करते हैं।

# श्रीनगर में श्रद्धालुओं को ले जा रही बस पर हमला, 10 की मौत

- दिल्ली में पीएम मोदी के शपथ ग्रहण के दौरान हुआ टेररिस्ट अटैक

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकियों ने श्रद्धालुओं को ले जा रही बस पर हमला किया है। इसमें 10 लोगों के मारे जाने की खबर है,जबकि कई लोग घायल हुए हैं। नई दिल्ली में पीएम मोदी और नई कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ये टेररिस्ट अटैक हुआ है। यह हमला रियासी जिले के कंदा इलाके में हुआ। आतंकियों ने बस पर



ओपन फायर किया, जिसमें ड्राइवर घायल हुआ और उसका बस से कंट्रोल खो गया। इसके चलते बस खाई में गिर गई। 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। बस में सवार अन्य यात्रियों का रेस्क्यू जारी है। बस श्रद्धालुओं को लेकर कटरा से शिव खोड़ी मंदिर जा रही थी। शिव खोड़ी मंदिर माता वैष्णो देवी का बेस कैंप है। बता दें श्री शिव खोड़ी गुफा जिला रियासी में स्थित मंदिर के आधार शिविर रनसू से लगभग 4.0 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां देश के अलग-अलग हिस्सों से श्रद्धालु भगवान शिव का दर्शन करने के लिए आते हैं।

# नीट में ग्रेस मार्क विवाद, जांच के लिए पैनल गठित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने नीट-यूजी में ग्रेस अंक विवाद को फिर से जांचने के लिए 4 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। यह जानकारी शनिवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने दी।

- 1563 स्टूडेंट्स के अंकों की फिर से होगी जांच होगी, एनटीए बोला-एक हफ्ते में रिपोर्ट आएगी

एनटीए के डायरेक्टर जनरल सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि कमेटी से एक हफ्ते में रिपोर्ट देने को कहा गया है। इसके बाद यह तय होगा कि आगे क्या करना है। नीट-यूजी 2024 के रिजल्ट पर सवाल उठ रहे हैं। एनटीए ने 1563 स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क दिए



हैं। आरोप है कि इससे 67 छात्रों की ऑल इंडिया रैंक 1 आई। नीट-यूजी 2024 में 24 लाख बच्चे बैठे थे। रिजल्ट 4 जून को आया था। डायरेक्टर जनरल सिंह ने बताया कि हमारी कमेटी 1563 कैंडीडेट्स और 6 सेंटर्स की जांच करेगी, जहां ग्रेस मार्क्स मिले हैं। हमारे पास सेंटर्स की मॉनिटरिंग के लिए सीसीटीवी हैं। सेंटर्स की रिपोर्ट्स भी हैं। ये सेंटर्स मेघालय, बहादुरगढ़ (हरियाणा), दंतेवाड़ा, बालोद (छत्तीसगढ़), सूरत (गुजरात) और चंडीगढ़ के हैं। इस बीच रिजल्ट में गड़बड़ियों के विरोध में दिल्ली और कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई हैं। एग्जाम में टॉपर्स की बढ़ी हुई संख्या, मार्किंग स्कीम से अलग ग्रेस मार्क्स देना, आंसर की में बदलाव और एग्जाम से पहले ही पेपर लीक जैसे आरोप लगाए गए हैं। सिंह ने कहा, स्टूडेट्स को ग्रेस अंक देने से नतीजों या क्वालिफाइंग क्राइटेरिया पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। उन्होंने बताया कि यह मसला सिर्फ 1563 स्टूडेंट्स का है। पेपर 23 लाख से ज्यादा बच्चों ने दिया था। 4750 सेंटर की बजाय सिर्फ 6 सेंटर का मामला है। कमेटी 1563 स्टूडेंट्स को दिए गए ग्रेस मार्क्स और टाइम लॉस की जांच करेगी। जरूरत पड़ी तो इनका रिजल्ट संशोधित किया जाएगा। इससे नीट रिजल्ट के बाद होने वाली एमबीबीएस व बीडीएस समेत अन्य मेडिकल कोर्सेज की एडमीशन प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा। कमेटी की जो सिफारिशें आएंगी, हम उस हिसाब से फैसला लेंगे। सोशल मीडिया पर जो पेपर आया, वह पेपर शुरू होने के बाद आया था। हम भविष्य में अपने प्रोटोकॉल और स्टैंडर्ड को और मजबूत बनाएंगे ताकि फिर से इस तरह की गलती ना हो। कई छात्रों को 718, 719 अंक दिए गए। एनटीए ने कहा था कि अंक ग्रेस मार्क्स के तौर पर दिए हैं।

# शपथ ग्रहण के लिए जेल से बाहर आएगा सांसद अमृतपाल!

- परिवार ने पेरोल के लिए दायर किया आवेदन, मिठाई भी बांटी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट से चुनाव जीत चुका खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह क्या शपथ ग्रहण के लिए जेल से बाहर आएगा, यह बड़ा सवाल है। मां-पिता ने बेटे को जेल से बाहर निकालने के लिए पूरा जोर लगाना शुरू कर दिया



है। ऐसी जानकारी है कि अमृतपाल की रिहाई या पेरोल के लिए एक आवेदन भी दायर किया है। इससे पहले उसके माता-पिता जेल पहुंचे और सांसद बेटे के लिए मिठाई भी बांटी। अमृतपाल की पत्नी किरणदीप कौर 5 जून से यहीं है। परिवारवालों का कहना है कि वे अमृतपाल की रिहाई की हर संभव कोशिश कर रहे हैं।

## अवैध रेत उत्खनन करते ट्रेक्टर-ट्राली जब्त

**अनोखा तीर, हंडिया।** क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन व अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने पुलिस, प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरी. मनोज सिंह ने राजस्व अमले के साथ सुरजना, मनोहरपुर, भमोरी घाट से अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे ट्रेक्टर ट्रालियों व डम्फरो की चैकिंग कर धड़पकड़ की गई। दौरान चैकिंग आदमपुर से एक बिना नम्बर का स्कार्ट ट्रेक्टर ट्राली चालक रेत भर कर ले जा रहा था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। चालक इमरान पिता कुर्बान शाह उम्र 24 साल निवासी भुन्नास द्वारा बिना रालटी के 3 घन मीटर रेत भर ले जा रहा था। ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर खनिज अधिनियम का मामला कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. मनोज सिंह, उनि प्रमोद गोतम, नितेश, आर दम्मू सिंह, छगन, रामनाथ की महति भूमिका रही।

## वृक्षारोपण और अन्य विभागीय कार्य पूर्व प्रचलित प्रथा के अनुसार ही होंगे

**गणेश पांडे, भोपाल।** जंगल महकमे में ठेकेदारी प्रथा को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है। ऊहापोह की स्थिति में वन मंत्रालय ने दो अलग-अलग आदेश जारी कर 31 जुलाई तक वृक्षारोपण एवं अन्य विभागीय कार्य कराए जाने के लिए कहा गया है। 4 जून को जारी आदेश में कहा गया है कि वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण एवं अन्य विभागीय कार्य की समय-सीमा को दृष्टिगत रखते हुये आगामी माहों में वर्षा ऋतु के पूर्व जो वृक्षारोपण से संबंधित विभागीय कार्य किए जाने है वे पूर्व प्रचलित प्रथा के अनुसार ही 31 जुलाई तक संपादित किए जाएं। इसके पश्चात होने वाले कार्य विभागीय आदेश अथवा निर्देश 19 अक्टूबर 23 व 27 मार्च 24 के अनुसार ही किए जाएं। 6 जून को जारी निर्देश में अतिरिक्त विदोहन के लिए पिछले वर्ष काटे गए कूपों में पुनरुत्पादन के कार्य कराए जाने की आवश्यकता को देखते हुए सुधार कार्य विभागीय रूप से प्रचलित प्रथा अनुसार संपादित किए जाएं। वैसे भी बासों के भिर्रो की सफाई हो या फिर पेड़ों की कटाई के मार्किंग का काम विभाग के अधिकारी ही बखूबी से कर सकते है। ठेकेदार को टैक्निकल नॉलेज नहीं होगा। यदि ठेकेदारों को दे दिया गया तो जंगल के साथ-साथ बासों के जंगल भी बर्बाद हो जाएंगे।

**मंत्री ने 31 जुलाई तक स्थगित रखने की नोटशीट लिखी** - वन मंत्री नागर सिंह चौहान ने पहले ही अपर मुख्य सचिव वन जेएन कंसोटिया के ठेके पर वानिकी कार्य कराने जाने संबंधित जारी आदेश को 31 जुलाई तक स्थगित करने के लिए नोटशीट लिख चुके है। वन विभाग के सीनियर अधिकारियों का एक ग्रुप अपने मंत्री से मुलाकात कर ठेके से वानिकी कार्य कराए जाने के दुष्परिणामों से अवगत कराएगा। साथ ही उनसे यह भी मांग करेगा कि जिन राज्यों में यह प्रथा लागू है, वहां का अध्ययन करने के बाद ही इस पर निर्णय ले। यदि जरुरी हो तो उसे पहले पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ वन मण्डलों में किया जाए, उसके बाद गुण-दोष के आधार पर निर्णय लिया जाए।

## 89 दिन बाद कल होगी मोहन कैबिनेट की बैठक

**अनोखा तीर, भोपाल।** 89 दिन बाद मंगलवार को मोहन यादव सरकार एक्टिव मोड में आएगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में होने वाले कैबिनेट की बैठक में नए फैसलों के साथ बारिश के पहले करोड़ों के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी जाएगी। 16 मार्च से प्रदेश में लागू चुनाव आचार संहिता पिछले गुरुवार को समाप्त हो गई है। इसके बाद अब प्रदेश की मोहन सरकार एक्टिव मोड में आने की तैयारी में जुट गई है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आचार संहिता खत्म होने के बाद पहली कैबिनेट बैठक मंगलवार को करने वाले हैं जिसके लिए एजेंडा फाइनल करने का काम चल रहा है। इसमें बीस से अधिक एजेंडों चर्चा में लाए जाने की संभावना है। कैबिनेट बैठक में जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, नगरीय विकास और आवास विभाग समेत अन्य विभागों के करोड़ों रुपए नए प्रोजेक्ट मंजूर करने और पूर्व में रुके व अटके प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए सहमति दी जाएगी।

## शासकीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनोखा तीर, हरदा।** शासकीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था की जानी है। इसके लिए इच्छुक नए आवेदकों को जीएफएमएस पोर्टल पर नवीन पंजीयन करना आवश्यक है। नवीन पंजीयन के लिए आवेदक को लिंक के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। पंजीयन में आधार ई-केवाईसी करना आवश्यक है। आवेदक शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता की जानकारी दर्ज कर परीक्षण कर अपडेट करें। म.प्र. शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 या उसके उपरांत उत्तीर्ण की जानकारी दर्ज कर अपडेट करें। पंजीकरण में दर्ज समस्त योग्यताओं की मूल अंकसूची लेकर संकुल प्राचार्य से आवेदन को ऑनलाइन सत्यापन कराएं। संकुल प्राचार्य द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन सत्यापन के बाद स्कोर कार्ड जनरेट होगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने जानकारी दी कि पूर्व से पंजीकृत आवेदकों को पुनः पंजीयन करने की आवश्यकता नहीं है। पूर्व से पंजीकृत आवेदक नवीन शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता दर्ज करने के लिए प्रोफाईल अनलॉक करें, इसके बाद नवीन शैक्षणिक अथवा व्यवसायिक योग्यता की जानकारी अपडेट या संशोधन करें। आवेदकों को योग्यताओं के अपडेशन अथवा संशोधन करने के बाद संकुल प्राचार्य से ऑनलाइन सत्यापन कराना होगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा संकुल प्राचार्यों को आवेदकों द्वारा आवेदन में दर्ज सभी योग्यताओं का मूल दस्तावेजों से मिलान कर जानकारी सत्य पाये जाने पर पोर्टल से ऑनलाइन सत्यापन का कार्य करने एवं आवेदन सत्यापन के उपरांत आवेदक को प्रिंट निकालकर देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आवेदन में दर्ज किये गये दस्तावेजों की छायाप्रतियों को अभिलेख में संधारित करने के लिए कहा गया है।

## मुरूम का अवैध परिवहन करते एक डम्पर जप्त

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा जिले में खनिज के अवैध भंडारण, परिवहन और उत्खनन रोकने के लिए कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार व शनिवार की दरमियानी रात को राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग ने भ्रमण के दौरान सिविल लाईन थाने के सामने हरदा में अवैध मुरूम परिवहन करते हुए डम्पर क्र.एमपी 47 एच 0384 पाया गया। मौके पर वाहन चालक के पास मुरूम परिवहन हेतु अभिवहन पास नहीं पाया गया। जिसे जप्त कर पुलिस थाना सिविल लाईन हरदा जिला हरदा में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। प्रकरण ने म.प्र अवैध खनन परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम 2002 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## तृप्ति सिटोले का विकासखंड अधिकारी के पद पर चयन

**अनोखा तीर, हरदा।** शहर के शिक्षक मेहताब सिंह सिटोले की बेटी का चयन विकासखंड अधिकारी के रूप में हुआ है। विकास खण्ड अधिकारी के पद पर चयन होने के बाद रविवार को तृप्ति सिटोले जब हरदा पहुंची तो उनका धूमधाम से स्वागत किया गया। लोगों ने ढोल और पटाखों के साथ बस स्टॉप से उनके घर तक जुलूस निकाला। तृप्ति का कहना है कि वह प्रतिदिन सात से आठ घण्टे कड़ी मेहनत किया करती थी। इंदौर की एक कोचिंग के शिक्षक ने उन्हें लगातार मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि मैं जुलाई 2021 से लेकर 8 जनवरी 2022 के पांच महीने के दौरान तीन अटेम्ट दिए गए थे। गौरतलब रहे कि स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर से बारहवीं क्लास पास करने के बाद तृप्ति ने इंदौर में रहकर बीएससी व बाद में जूलॉजी विषय से एमएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसके बाद वह अपने लक्ष्य के लिए तैयारी करने जुट गई और सफलता हासिल कर ली। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है।

# 12 ज्योतिर्लिंगों का प्रतिनिधित्व करते हैं ओंकारेश्वर : पं. मिश्रा

## शिव महापुराण कथा के पहले दिन शिव भक्तों का उमड़ा सैलाब



**अनोखा तीर, ओंकारेश्वर।** ज्योतिर्लिंग तीर्थ स्थान ओंकारेश्वर के निकट ग्राम थापना रविवार से पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा प्रारंभ हुई। कथा के प्रारंभ में मांधाता विधायक नारायण पटेल, बड़वाह विधायक सचिन बिरला सहित तमाम नेताओं ने मंच पर पंडित प्रदीप मिश्रा की अगवानी कर स्वागत किया। एक रोटी बाबा आश्रम के प्रमुख स्वामी शिवोहम भारतीय भी इस अवसर पर मंच पर पहुंचे और प्रदीप मिश्रा का पुष्पहार साल श्रीफल से अभिनंदन किया। इसके पश्चात पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा कथा प्रारंभ की गई। कथा श्रवण हेतु दो दिवस पूर्व ही सुदूरवर्ती प्रांतों के शिव भक्त कथा स्थल पर जुटने लगे थे। शनिवार की रात्रि ही पांडाल भक्तों से खचाखच भर गया था। बाबा ओंकारनाथ और मां नर्मदा के पवित्र स्थल ओंकारेश्वर में पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि शिव का प्रताप सबसे अलग है। सभी 12 ज्योतिर्लिंगों का ओंकारेश्वर प्रतिनिधित्व करते हैं। इनके स्मरण से ही 12 ज्योतिर्लिंग को जपने या दर्शन करने का पुण्य मिल जाता है। मां नर्मदा के किनारे ओमकारेश्वर और ममलेश्वर स्थापित हैं। यह संयोग पूरी पृथ्वी पर अलग ही महत्व रखता है।

**43 डिग्री में भी इतनी भीड़** - ओंकारेश्वर में लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। 43 डिग्री तापमान में भी कथा स्थल पर लोग अनुशासनपूर्वक पूरी दोपहर कथा सुनते रहे। पंडित मिश्रा ने लोगों की पीड़ा से मुक्ति और भगवान शिव में विश्वास वाली चिट्ठियां भी पढ़ीं।

**बेलपत्र के पौधे रोपें** - उन्होंने इस कथा को वैज्ञानिक आधार से जोड़ते हुए कहा कि बेलपत्र 51 पौधे हर व्यक्ति को अपने जीवन में रोपना चाहिए। इसमें ज्यादा ऑक्सीजन होती है। बेलपत्र में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को भी शुद्ध बनाते हैं। इनका सेवन करने से कई बीमारियां दूर भागती हैं।

**इसलिए एक लोटा जल** - आयोजन के पहले दिन उन्होने रोचक ढंग से शिव पुराण कथा का आरंभ किया। भूमिका भी उन्होंने वैज्ञानिक आधारों को केंद्र बनाकर रखीं। उन्होंने साफ कहा कि जल और भगवान शिव का संबंध पुराना है। मां नर्मदा के किनारे ओंकारेश्वर स्थापित हैं। यहां रहने वाले लोग पुण्यशाली हैं। पिछले जन्मों के फल के कारण ही वे यहां या आसपास बस गए हैं।

**घर बैठे भी लाखों सुन रहे कथा** - आयोजन बहुत व्यवस्थित तरीके से किया गया है। आस्था चैनल पर भी सीधा प्रसारण हो रहा है। कई श्रद्धालुओं ने लिंक जोड़कर इसे और प्रभावी बना दिया है। मतलब लाखों लोग अपने घरों में भी कथा सुन रहे हैं। कथा ओंकारेश्वर के थापना गांव में हो रही है। 25 एकड़ में पंडाल और अन्य इंतजाम किए गए हैं।



**भारी भीड़ में भी सब व्यवस्थित** - दूसरे दिन सोमवार को भी कथा दोपहर एक से चार बजे तक होगी। श्रद्धालुओं के भोजन और रहने की व्यवस्था भी की गई है।

**पेड़ों के नीचे बैठकर कथा श्रवण की** - पांडाल में जगह नहीं मिलने पर हजारों भक्तों ने सड़कों के किनारे पेड़ों के नीचे बैठकर कथा का श्रवण की। हजारों श्रद्धालुओं ने पंडितजी की धीर-गंभीर और मधुर वाणी से कही जा रही शिव कथा को पूरे मनोयोग से श्रवण किया। पंडितजी ने वेद, पुराणों और शास्त्रों के गूढ़ार्थों सरल शब्दों में व्यक्त किया। पंडितजी ने कथा के आयोजन में प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के नागरिकों के सहयोग की भूरी भूरी प्रशंसा की।

**बाहर से आने वाले शिव भक्तों की सेवा** - कथा श्रवण के लिए आने वाले शिव भक्तों की सेवा के लिए स्थानीय नागरिकों द्वारा जगह-जगह ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। कथा स्थल पर भोजन प्रसादी के पंडाल भी लगाए गए हैं। पंडितजी ने कथा स्थल के आसपास के निवासियों से बाहर से आने वाले भक्तों की सेवा करने का आव्हान किया और कहा कि शिव भक्तों को पानी पिलाना और उनकी मदद करना भी बड़े पुण्य का कार्य है।

**भजनों पर झूमे भक्त** - कथा के दौरान पंडितजी के द्वारा गाए जाने वाले सुमधुर भजनों पर शिवभक्त भावविभोर होकर नृत्य करते देखे गए। कथा के बीच में भगवान शिव के गगनभेदी जयकारों से संपूर्ण पांडाल गूंज उठता था। संपूर्ण कथा स्थल और पांडाल में उपस्थित शिवभक्त भगवान शिव की भक्ति में सराबोर दिखाई दिए।

**मूलभूत सुविधाओं की कमी** - कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की काफी कमी देखी गई। नेताओं द्वारा बड़े-बड़े बैनर पोस्टर स्वागत के लिए लगा दिए गए हैं किंतु उस अनुपात में श्रद्धालुओं हेतु मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। कथा स्थल से 6 किलोमीटर दूर पार्किंग व्यवस्था की गई है किंतु यहां पर प्रकाश, पानी की व्यवस्थाएं नहीं की गई है।

# सोयाबीन से हुआ मोह भंग, बढ़ेगा मक्का का रकबा

## -कम उत्पादन और कम दाम बना कारण



**अनोखा तीर, हरदा।** मध्य प्रदेश में सोयाबीन एक महत्वपूर्ण फसल मानी जाती है। यह आर्थिक रूप से राज्य के लिए काफी महत्वपूर्ण होती है। किसानों के लिए 5 वर्ष पहले तक इसकी खेती काफी लाभदायक मानी जाती थी, लेकिन बीते कुछ वर्षों से सोयाबीन की खेती घाटे का सौदा बन गई है। बीते वर्ष में जहां प्रतिवर्ष सोयाबीन का उत्पादन घटा है, वहीं किसानों को आकर्षक दाम भी नहीं मिले हैं। जिसके कारण इस वर्ष सोयाबीन का रकबा कम हो सकता है। क्योंकि कई ऐसे किसान हैं जो अब सोयाबीन की खेती को छोड़कर मक्का एवं धान को अपना रहे हैं। राज्य में सोयाबीन की खेती का रकबा कम होने के पीछे तो ऐसे कई कारण हैं पर मुख्य कारण मौसम में बदलाव, कृषि लागत में बढ़ोतरी और उत्पादन में कमी और फसल का लागत मूल्य न प्राप्त होना बताया जा रहा है। अब तक मध्य प्रदेश को देश का सोयाबीन के मामले में उत्पादक राज्य माना जाता था। राज्य में सोयाबीन को लेकर अनुसंधान की सुविधाएं भी हैं पर अभी तक संस्थान की तरफ से मौसम प्रतिरोधी सोयाबीन की किस्म उपलब्ध नहीं कराई गई है। पहले से फसल चली आ रही है, उसकी प्रतिरोधक क्षमता अब खत्म होने कगार पर है। इसका सीधा असर सोयाबीन के उत्पादन पर पड़ रहा है। किसानों के अनुसार खेती की लागत तो बढ़ रही है, पर घटिया किस्म के बीज के कारण उत्पादन में कमी आ रही है। इससे किसानों को कम रिटर्न मिल रहा है। इसके कारण किसान इसकी खेती को छोड़कर मक्का की तरफ जा रहे हैं।

**मौसम में बदलाव के कारण प्रभावित हो रही फसल** - गौरतलब है कि राज्य में अनियमित वर्षा के पैटर्न और मौसम में उतार चढ़ाव और सोयाबीन की खेती में पौधों की बढ़ोतरी के दौरान तापमान में अचानक उतार चढ़ाव के कारण सोयाबीन का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कई कारणों से उत्पादन में कमी आ रही है। इस रिस्क के डर से किसान हाल के वर्षों से मक्के की खेती की तरफ बढ़ रहे हैं। बारिश पर आधारित इस फसल के साथ सबसे बड़ी दिक्कत यह होती है कि जिस वर्ष अच्छी बारिश होती है किसान इसकी खेती करते हैं, पर जब बारिश कम होती है तो इसका भी रकबा कम हो जाता है, ऐसे में इसका उत्पादन अब घट रहा है।

**उत्पादन में आई कमी** - मध्यप्रदेश में सोयाबीन की जब 25 वर्ष पहले किसानों ने खेती करना प्रारंभ किया था, तब इसका उत्पादन अत्यधिक होता था और लागत भी कम आती थी। लेकिन बीते 10 वर्षों से प्रतिवर्ष सोयाबीन का औसत उत्पादन कम होता जा रहा है और यदि किसानों को सोयाबीन के दाम की बात की जाए तो वह भी लागत के हिसाब से नहीं मिल पा रहे हैं। न तो सोयाबीन समर्थन मूल्य पर खरीदने में सरकार की कोई रुचि रहती है। प्रदेश के अधिकांश सोयाबीन प्लांट बंद हो जाने के कारण प्रदेश के किसानों को जो लाभकारी मूल्य मिलना चाहिए था, वह भी नहीं पाता है।

# दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत, एक की मौत, चार घायल

**अनोखा तीर, रहटगांव।** रविवार को मगरधा-गुठानिया मार्ग पर दो मोटरसाइकिल आपस में भिड़ने से पांच लोग घायल हो गए, वहीं एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। चारों घायलों को जननी एक्सप्रेस 108 की मदद से रहटगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां पर डॉक्टर हर्ष पटेल,



एएनएम प्रियंका शर्मा ड्रेसर राजेश गुर्जर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक घटना दोपहर की है। घटना की सूचना पर रहटगांव पुलिस घटना स्थल पर पहुंची एवं शव का पीएम कराने के लिए टिमरनी भेज दिया। एसआई संतोष बामने ने बताया कि दुर्गेश पिता सुमरन सिरसाम उम्र 30 साल की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार रोहित, संजय और सुमरन निवासी कायदा एवं संदीप निवासी ग्राम सिरकंबा बुरी तरह घायल हो गए।

गौरतलब है कि रहटगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पीएम कक्ष नहीं होने पोस्टमार्डम के लिए शव को टिमरनी भेजना पड़ता है, जिसमें काफी लंबा समय लगता है और दूरी भी अधिक है। जिससे कभी-कभी देरी होने पर रात भर परिजनों को सुबह का इंतजार करना होता है। क्योंकि रात में शव का पीएम नहीं होता है। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से रहटगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पीएम खोलने की मांग की जा रही है।

# आखिर क्यों नहीं रूक रहा अवैध रेत का कारोबार

**अनोखा तीर, हरदा।** अवैध रेत का करोबार आखिर कब तक चलता रहेगा। क्योंकि खनिज विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग सभी के संयुक्त प्रयास के बाद भी यह गौरखधंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है, जबकि सभी चौक-चौराहों पर पुलिस व नगर पालिका के सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। ऐसे में जिला प्रशासन को निष्पक्ष जांच कर अवैध रेत कारोबारियों पर कठौर कार्यवाही कर उनके वाहनों को राजसात करना चाहिए। यदि शीघ्र ही इन पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह गौरखधंधा बदस्तूर जारी रहेगा। सोचने वाली बात यह है कि जब हरदा जिले में रेत खदानें बंद हैं, तो छीपानेर की ओर से जो रेत के डंपर आ रहे हैं, उनकी रायल्टी को क्यों नहीं चेक की जा रही है। पुलिस की यह कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में दिखाई देती है। चूंकि करताना चौकी में लगे सीसी टीवी कैमरे की मदद से अवैध रेत माफियाओं को पकड़ा जा सकता है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

# अल्कापुरी कॉलोनी में हुआ पंच कुंडीय यज्ञ

**अनोखा तीर, हरदा।** गायत्री शक्तिपीठ हरदा द्वारा आज शहर की अलकापुरी कॉलोनी में पंच कुंडीय हवन का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत प्रभुदयाल गौर द्वारा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्यजी के जीवन चरित्र, त्याग, तपस्या और संस्कृति संरक्षण के बारे में बताया।



यज्ञ हवन बहन कुसुम गौर एवं किरण गौर के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर ग्यारसराम गौर के द्वारा गुरुदेव के 18 संकल्पो की व्याख्या करते हुए जीवन में आत्मसात करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में विष्णु प्रसाद श्रीवास का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्य न्यासी सियाराम गौर, चंद्रशेखर टिकरिया, श्रीमती रेखा चौरे, श्रीमती सुनीता अग्रवाल, कांताप्रसाद भारद्वाज, श्रीमती संगीता श्रीवास, विष्णुप्रसाद श्रीवास, रमाकांत राठौर, दीक्षा राठौर, कन्हैयालाल सहित अन्य मौजूद थे।

# सभी के सामूहिक प्रयासों से ही होगा जल संरक्षण : शाह

## जिपं के सभागार में हुई जल संगोष्ठी

**अनोखा तीर, हरदा।** प्रदेश सरकार द्वारा जल संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से 'जल गंगा संवर्धन अभियान' गत 5 जून से प्रारंभ किया गया है, जो कि 16 जून तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जल संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह ने संबोधित करते हुए कहा कि जल संरक्षण और संवर्धन का कार्य किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं किया जा सकता, बल्कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही यह संभव है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारतीय राजू कमेडिया, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा तथा जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक कोशलेश तिवारी व अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शाह ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शाह ने इस




अवसर पर कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर अपने-अपने गांव और शहरों में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों को अपने प्रभाव का इस्तेमाल जल संरक्षण के कार्यों को प्रोत्साहन देने में करना चाहिए। उन्होंने सरपंच संघ के अध्यक्ष से कहा कि सभी सरपंच मिलकर अपने-अपने गांव व पंचायतों में जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य जानभागीदारी से अवश्य कराएं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री गहलोत ने इस अवसर पर कहा कि पानी का निर्माण नहीं किया जा सकता बल्कि पानी को केवल बचाया ही जा सकता है। इसलिए सभी का दायित्व है कि पानी को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करें।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कमेडिया ने कहा कि शहरी क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाएंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपने-अपने घरों में अवश्य लगवाए। उन्होंने बताया कि अजनाल नदी की साफ सफाई कराकर घाट सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि उड़ा की बावड़ी की साफ सफाई भी नगर पालिका द्वारा कराई जा रही है।

जनअभियान परिषद के संभागीय समन्वयक श्री तिवारी ने कहा कि जल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन के कारण नदी तालाब जैसे जल स्त्रोत धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जल स्त्रोतों के पुनर्भरण की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए सभी के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि हमारे देश में नदियों को पूजा जाता है, जबकि नदियों को सबसे अधिक प्रदूषित भी हम लोग ही कर रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि नदियों के संरक्षण के लिए भीष्म पितामह जैसी प्रतिज्ञा और भागीरथ जैसे प्रयासों की आवश्यकता है।